26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 28 अक्टूबर, 2025
अंक- 04 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ संपन्न हुआ लोक आस्था का महापर्व

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** संतान प्राप्ति, जनकल्याण और सुख-समृद्धि की मंगलकामना के साथ लोक आस्था का महापर्व 'छठ' उगते हुये सूर्य को अर्घ्य देकर संपन्न हो गया। वाराणसी, प्रयागराज, जौनपुर, देवरिया, भदोही, संतकबीरनगर, बलिया, बस्ती, गोरखपुर, लखनऊ, कानपुर और नोएडा समेत उत्तर प्रदेश के अधिसंख्य इलाकों में चार दिवसीय छठ पर्व पूरी श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया गया। आज भोर से ही नदी,सरोवर, तालाब और नहरों के तट पर व्रतधारियों की भारी भीड़ जमा हो चुकी थी। महिला, पुरुष, वृद्ध और बच्चे तट पर उगते सूर्य का इंतजार करते दिखे और लालिमा लिये सूर्य भगवान के दर्शन करने साथ व्रतधारियों ने अर्घ्य देना शुरु किया और अर्घ्य के साथ ही उनका 36 घंटे का व्रत भी पूरा हो गया। इस दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किये गये थे। किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिये पुलिस के जवान और गोताखोर घाटों और तटों पर मौजूद रहे।




'गौ-गंगा-गीता-गायत्री-गणेश'
हमारी हिन्दू-संस्कृति का मूल आधार है।

**गोपाष्टमी-पर्व**

सज्जनों और देवियों!

अत्यन्त हर्ष का विषय है कि गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी मां-गंगा के पावन-तट, गंगा बैराज पर ब्रज गौशाला परिसर में गोपाष्टमी का पर्व दिनांक 29 अक्टूबर 2025 दिन बुधवार को निम्न कार्यक्रमानुसार आप सब गो-प्रेमियों के सहयोग से हर्षोल्लास पूर्वक मनाया जायेगा, जिसमें आपकी सपरिवार एवं इष्ट मित्रों सहित उपस्थिति प्रार्थनीय है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि
**श्री चन्दन चौहान जी** (मा. सांसद, बिजनौर)

कार्यक्रम
बुधवार, 29 अक्टूबर, 2025

हवन.............................................प्रातः 10.00 बजे
गौ पूजन......................................... प्रातः 11:30 बजे
भण्डारा एवं गो-महिमा पर भजनोपदेश कीर्तन आदि...... दोपहर 12:00 बजे

सम्पर्क सूत्र
9412657014
9412567709, 9412649441

निवेदक
ब्रज गौशाला द्वारा ब्रज सेवा समिति
नवलपुर बैराज, बिजनौर


# गुरु परंपरा ने भारत को दिया त्याग और बलिदान का संदेश- सीएम योगी

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु परंपरा ने भारत को केवल आस्था नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा, सेवा और बलिदान का आदर्श भी दिया है। सिख समुदाय की आस्था का प्रतीक 'चरण सुहावे गुरु चरण यात्रा' के पवित्र जोड़ा साहिब का लखनऊ में भव्य स्वागत हुआ। यह यात्रा सिख समुदाय के दसवें गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी और माता साहिब कौर के पवित्र जोड़ा साहिब से जुड़ी है, जो सिख आस्था का अत्यंत पवित्र प्रतीक मानी जाती है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा 'हमारी जिम्मेदारी है कि हम इस विरासत को अक्षुण्ण रखें और आने वाली पीढ़ियों तक इसकी प्रेरणा पहुंचाएं।' कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी भी मौजूद रहे। लखनऊ के यहियागंज गुरुद्वारे में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवाणी सुनी और यात्रा सदस्यों को पटुका पहनाकर सम्मानित किया। गुरुद्वारा कमेटी ने योगी को अंग वस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा हमारी परंपरा में यह कहा गया है, 'जिथे जाए बहे मेरा सतगुरु, सो थान सुहावा राम राजे।' अर्थात जहां भी गुरु महाराज के पावन चरण पड़ते हैं, वह स्थान रामराज्य की तरह पवित्र और पुण्यभूमि बन जाता है।





**प्लॉट बिकाऊ है**

तुलाज मार्केट
निकट नगीना चौराहा, किरतपुर
में दो प्लॉट बिकाऊ हैं
1- 20X24 = 53 गज रोड 16 फीट
2- 30X47.5 =160 गज रोड 18 फीट

फर्स्ट रोड पर हाईवे से 2 प्लॉट छोड़कर
सम्पर्क करें- 9410433737



**आवश्यकता है**

हल्दौर में एक कुशल खाना बनाने वाले व्यक्ति की आवश्यकता है। ( घरेलू कार्य के लिये )
सम्पर्क करें- 8191819148


## सांप्रदायिक नफ़रत फैलाने वालों पर हो सख्त कार्रवाई - मायावती

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले की डुमरियागंज सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह के विवादित बयान पर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने तीखी प्रतिक्रिया देते हुये कहा कि 'मुस्लिम लड़की लाओ, नौकरी पाओ' जैसे संकीर्ण और घृणित बयान' समाज में नफ़रत, वैमनस्य और अराजकता फैलाने वाले हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ सरकार को सख्त कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए। सुश्री मायावती ने एक्स पर लिखा यूपी और उत्तराखंड समेत कई राज्यों में धर्म परिवर्तन, लव जिहाद और इस तरह के भड़काऊ नारों के नाम पर कानून को अपने हाथ में लेकर साम्प्रदायिक और जातीय द्वेष फैलाने वाले तत्वों की हरकतें 'अति-निंदनीय' हैं।


ATHER
दीपावली के शुभ अवसर पर
बिजनौर में खुल गया है
ATHER



इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 8192801901

# एक नवम्बर को खुलेंगे अमानगढ़ के द्वार, पर्यटक करेंगे वन्य जीवों के दीदार



प्रवेश द्वार अमानगढ़ टाइगर रिजर्व। अमानगढ़ में चलती तैयारी।
( फोटो वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर एआर रहमान से प्राप्त )

अफजलगढ़ ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश का तीसरा सबसे बड़ा बाघ आरक्षित वन क्षेत्र अमानगढ़ 1 नवंबर से पर्यटकों के लिए नये सत्र में एक बार फिर अपने द्वार खोलने जा रहा है। लंबे अंतराल के बाद रिजर्व क्षेत्र में पर्यटकों की चहलकदमी देखने को मिलेगी।

वन क्षेत्र अधिकारी अमानगढ़ टाइगर रिजर्व अंकित किशोर ने बताया कि नये पर्यटन सत्र का शुभारंभ कौशल विकास एवं व्यावसायिक शिक्षा मंत्री कपिल देव अग्रवाल द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर वन विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्थानीय ग्रामीण और पर्यावरण प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि रिजर्व क्षेत्र में पर्यटकों की सुविधा के लिए सड़क मार्ग, गाइड व्यवस्था, सुरक्षा उपायों और सफारी ट्रैक की मरम्मत जैसे सभी कार्य लगभग पूरे किए जा चुके हैं। इस बार पर्यटकों के लिए आकर्षक सफारी रूट और जैव विविधता से भरपूर क्षेत्र दिखाने की योजना भी तैयार की जा रही है। अमानगढ़ टाइगर रिजर्व कार्बेट लैंडस्केप का एक अहम हिस्सा है, जहां बाघ, हाथी, तेंदुए, हिरण, जंगली सूअर और विभिन्न दुर्लभ पक्षी प्रजातियां पाई जाती हैं। हर साल देश-विदेश से आने वाले सैकड़ों पर्यटक यहां की प्राकृतिक सुंदरता और वन्यजीवों को करीब से देखने के लिए पहुंचते हैं। स्थानीय लोगों का मानना है कि नये पर्यटन सत्र से क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और स्थानीय युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। वन अधिकारी ने बताया कि पर्यटकों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। ताकि पर्यटन और प्रकृति के बीच संतुलन बना रहे।

## आरपीएस स्कूल में सीबीएसई द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन




चंदक ( चिंगारी )। आर.पी.एस. पब्लिक स्कूल में सी.बी.एस.ई. देहरादून के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र का विषय अभिभावकों को शिक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। जिसके अंतर्गत विभिन्न शिक्षण पद्धतियों एवं अभिभावकों की भूमिका पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। सी.बी.एस.ई. द्वारा नामित संसाधन व्यक्तियों के रूप में डॉ. अनीता एवं डॉ. अमित कुमार बंसल ने उपस्थित 60 से अधिक शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण के दौरान नवीन शिक्षण तकनीकों, विद्यार्थियों की सीखने की क्षमता में वृद्धि के उपायों तथा अभिभावक-शिक्षक सहयोग की महत्ता पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम की स्थल निदेशक के रूप में विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती अंकुर त्यागी ने कहा कि सी.बी.एस.ई. द्वारा आयोजित इस प्रकार के प्रशिक्षण सत्र शिक्षा के क्षेत्र में अत्यंत बहुमूल्य एवं उपयोगी हैं, जो शिक्षकों को नये शिक्षण दृष्टिकोण अपनाने हेतु प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं व्यवस्था में शहाबुद्दीन, देवेश, शिल्पी, सलोनी तथा शलभ का विशेष सहयोग रहा।

## व्रती महिलाओं ने रामगंगा नदी पर सूर्य को अर्घ्य दिया

अफजलगढ़ ( चिंगारी )। सोमवार को कालागढ़ बैराज के पवित्र तट पर सूर्य उपासना के महापर्व छठ का अलौकिक दृश्य देखने को मिला। अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालु महिलाओं ने नदी तट पर आस्था, श्रद्धा और भक्ति का संगम रचा। पारंपरिक वेशभूषा में सुसज्जित व्रती महिलाएं सिर पर डाला लिए परिवार सहित नदी किनारे पहुंचीं और भक्ति गीतों के साथ सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित किया। पूरा वातावरण जय छठी मइया के गूंजते स्वर से भक्तिमय हो उठा। सनातन धर्म में सूर्य उपासना का यह पर्व सर्वोच्च आस्था का प्रतीक माना गया है। इसे सूर्य षष्ठी व्रत, डाला छठ, छठी मइया पूजा आदि नामों से भी जाना जाता है। यह पर्व न केवल सूर्य देव की आराधना का प्रतीक है। बल्कि प्रकृति, जल और जीवन के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का उत्सव भी है। इस वर्ष छठ महापर्व की शुरुआत नहाय-खाय की पावन परंपरा से हुई थी। इसके उपरांत खरना के दिन व्रतियों ने निर्मल मन से प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे के निर्जला व्रत का संकल्प लिया। सोमवार की संध्या को श्रद्धालु महिलाओं ने कालागढ़ बैराज पर डूबते हुए सूर्य देव को अर्घ्य देकर अपने परिवार के सुख, समृद्धि और आरोग्यता की कामना की। छठी मइया के जयघोष, जलते दीपों की कतारें और मंत्रोच्चारण से पूरा घाट आस्था और भक्ति के रंगों में रंग गया। यह दृश्य मानो स्वयं सूर्य देव की आराधना के दिव्य लोक का आभास करा रहा था।


डूबते सूर्य को अर्घ्य अर्पित करते श्रद्धालु।







व्रती महिलाओं ने रामगंगा नदी पर सूर्य को अर्घ्य दिया ( पेज 2 )



# नहीं चल रही घंटाघर की घड़ी वर्षों से प्रशासन की नज़र नहीं पड़ी

## अपना वजूद खो रही है ऐतिहासिक धरोहर

**बिजनौर ( चिंगारी )**। एक समय था, जब शहर के घंटाघर की गिनती 'बिजनौर के सात आश्चर्यों' में होती थी। यानि बिना घड़ी का घंटाघर। 1985 में तत्कालीन जिलाधिकारी दर्शन सिंह बेंस ने फ्रेंडस क्लब के सहयोग से घंटाघर में घड़ी लगवायी तो लगा जैसे शहर के दिल में धड़कन आ गई। लेकिन पिछले कई वर्षों से घड़ी बंद है। जिससे घंटाघर निर्जीव सा हो गया। पूर्व पालिकाध्यक्ष रुखसाना परवीन ने शपथ लेने के बाद घंटाघर का सौंदर्यकरण कराने का ऐलान किया था। इसके लिये शासन को प्रस्ताव भी भेजा गया था। लेकिन वह फाइल लाल फीताशाही में दब गई।



नगर के मुख्य बाजार में स्थित यह घंटाघर पहली नजर में एक साधारण-सा टावर लगता है लेकिन यह अपने भीतर एक इतिहास समेटे हुए है। इस घंटाघर का निर्माण 1926 में कराया गया था। आजादी के आंदोलन के दौरान तथा उसके बाद यह घंटाघर अनेक घटनाओं का मूक साक्षी रहा है। इस घंटाघर ने जहां अंग्रेजी शासन की कारगुजारियों को देखा, वहीं दूसरी ओर आजादी के बाद शहर की फिजा को बदलते, बिगड़ते भी देखा है। सन 90 के भीषण दंगों के जख्म भी इस घंटाघर ने देखे हैं।

रखरखाव और देखभाल के अभाव में बिजनौर की यह ऐतिहासिक धरोहर बद से बदतर होती जा रही है। जिले का कोई जनप्रतिनिधि, नगरपालिका परिषद, जिला प्रशासन, कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा। इस घंटाघर का निर्माण सन 1926 में अमीनुद्दीन ठेकेदार द्वारा कराया गया था। ब्रिटिश काल में बने इस घंटाघर का शिलान्यास तत्कालीन अंग्रेज कलक्टर सर वोट्स ने किया था।

यह ऐतिहासिक धरोहर प्रशासनिक उपेक्षा के चलते अपना वजूद खो रही है। वर्षों से रंग-रोगन तक नहीं हुआ है। घड़ी बंद पड़ी है। अतिक्रमण की भरमार है। रोशनी की भी व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी विकास कुमार का कहना है कि शीघ्र ही कार्य योजना बनाकर घंटाघर का सौंदर्यकरण कराया जायेगा। ऐतिहासिक इमारतों के संरक्षण के प्रति नगरपालिका परिषद संवेदनशील है।

**प्रस्तुति : तय्यब अली**

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## चोरों ने तोड़कर ताले, चार घर खंगाले

**शेरकोट ( चिंगारी )**। बीती रात चोरों ने नगर में चार बंद घरों के ताले तोड़ दिये। चोर दो घरों से लाखों रुपए के ज़ेवर, नकदी आदि सामान चुराकर कर ले गये। मोहल्ला खुराड़ा निवासी मो. शाकिर पिछले काफी समय से सऊदी अरब में है। यहां उनकी पत्नी रुकसाना अपने बच्चों के साथ रहती है। बीती रात रुकसाना बच्चों को साथ लेकर मोहल्ले में ही स्थित अपने मायके में गई थी। रात में किसी समय चोर मेन गेट का कुंदा तोड़कर घर में घुसे और बक्सों व सेफ में रखे सोने-चांदी का लाखों रुपए का जेवर, नकदी और अन्य सामान चुराकर ले गए। शाकिर के पुत्र सुहैल ने बताया चोर लगभग दस तोला सोना व आधा किलो चांदी के जेवर, पचास हजार की नकदी ले गए हैं। दूसरी घटना इसी मोहल्ले में मरहूम रमजानी के पुत्रों इरशाद व नौशाद के बंद घर में हुई। उनकी मां फूल जहां ने बताया कि वह शनिवार को मानियावाला शादी में गई थी। आज सुबह पास के लोगों ने दरवाजा खुला देखकर सूचना दी। उनके मुताबिक चोर सेफ में रखे सोने का टीका, झाले व चांदी की पायल और सात हजार रुपए चुराकर ले गए। इसके अलावा चोरों ने दिलशाद कालोनी में फुरकान अहमद व मोहल्ला काजी सराय में अमीर अहमद के बंद घरों के ताले भी तोडे लेकिन कीमती सामान न मिलने पर वापस लौट गए। चारों घटनाओं में चोरों द्वारा घरों के मेन गेट के एक ही तरह से कुंदे कांटे गये हैं।

## जीतपुर में फौजी के मकान से ढाई लाख के कबूतर चोरी

**गंज ( चिंगारी )**। ग्राम जीतपुरा निवासी विनीत फौजी ने गंज पुलिस चौकी में तहरीर देकर बताया कि गत शनिवार की रात अज्ञात लोगों ने मकान के पीछे की ओर से चढ़कर छत पर बने कमरे का ताला तोड़कर लगभग ढाई लाख रुपए मूल्य के लगभग 80 पंजाबी कबूतर चोरी कर लिये। विनीत चौधरी ने बताया कि उन्हें पंजाबी कबूतर पालने का शौक है तथा पंजाब के मशहूर कबूतरबाजों से अच्छे नस्लड के महंगे कबूतर उन्होंने लाकर पाल रखे थे। चोर कबूतरों के साथ कबूतरों के छोटे-छोटे बच्चे व अंडे भी ले गये। चोरी हुए कबूतरों की कीमत लगभग दो से ढाई लाख रुपए बताई। विनीत फौजी निजी तौर पर भी इधर-उधर कबूतर की तलाश में भाग-दौड़ कर रहे हैं किन्तु हताश व निराशा ही हाथ लग रही है।



फाइनेंस सुविधा उपलब्ध है !
Hero
★नियम व शर्तें लागू
Good Life Gift Voucher
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9289922765, 8048243335

भली लगे या बुरी ...

## बिहार में चुनाव-2

बिहार के चुनाव में प्रशांत किशोर की एंट्री को लेकर अनेक कयास लगाये जा रहे हैं। अब तक भारतीय राजनीति में एनटी रामाराव व अरविंद केजरीवाल अचानक उभर कर सत्ता तक पहुंचने वाले नेता रहे हैं, पर प्रशांत किशोर से इसकी उम्मीद ज्यादा नजर नहीं आती है। ऐसे में स्पष्ट है कि जनसुराज पार्टी राजग व 'इंडिया' दोनों को नुकसान पहुंचा सकती है। उपचुनाव में जनसुराज चार सीटों पर चुनाव लड़ चुकी है जिनमें से तीन पर उसकी जमानत जब्त हो गई थी, पर एक सीट पर उसे मिले वोटों की संख्या 'विक्ट्री मार्जिन' से अधिक थी। प्रशांत किशोर स्वयं चुनाव नहीं लड़ रहे हैं बल्कि पूरा समय चुनाव प्रचार में लगा रहे हैं। ऐसे में देखना होगा कि वे किसे और कितना नुकसान पहुंचाते हैं। बिहार का सीमांचल क्षेत्र मुस्लिम-बहुल है जहां से पिछले विधानसभा चुनाव में आल इंडिया मजलिसे इत्तिहादुल मुसलमीन-एआईएमआईएम के पांच विधायक चुनाव जीते थे, पर उनमें से चार राजद में शामिल हो गए थे। इस बार असदुद्दीन ओवैसी राजद से 6 सीटें मांग रहे थे, पर मांग पूरी न होने पर वे अब 27 सीटों पर उम्मीदवार उतार चुके हैं। ओवैसी लगातार मुसलमानों को समझा रहे हैं कि आजादी के बाद से ही 'सेक्युलर' दलों को वोट देकर मुसलमानों को कुछ नहीं मिला है और उनको अपना नेतृत्व विकसित करना होगा।

बिहार के इस विधानसभा चुनाव में जनता दल युनाईटेड-जदयू ने तुलनात्मक रूप से बहुत कम मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं। संभवतः यह नीतीश कुमार का रणनीतिक कदम है क्योंकि भाजपा द्वारा 'हिंदुत्व' पर जोर देने तथा आक्रामक चुनाव प्रचार की स्थिति में उनको ज्यादा मुस्लिम वोट मिलने की उम्मीद नहीं है। हालांकि, नीतीश को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि भाजपा के साथ सरकार चलाने के बावजूद उन्होंने उसका तथाकथित 'सांप्रदायिक' या 'बहुसंख्यवादी' एजेंडा नहीं प्रभावी होने दिया तथा भागलपुर कांड जैसे सांप्रदायिक दंगे के आरोपियों को सजा दिलाई। पिछले बीस साल में नीतीश कुमार द्वारा लागू जन-कल्याणकारी योजनाओं का लाभ बड़ी संख्या में बिना किसी भेदभाव के मुस्लिम जनता को मिला है और उनको काफी समर्थन भी मिला है। समाप्त

# संघ बनाम वाम : विचारों की यह जंग अब भारत की आत्मा की कसौटी है!



▶▶ अवनीश त्यागी

भारत केवल एक भूगोल नहीं है, यह एक जीवित, श्वास लेती हुई सभ्यता है, जिसमें विचारधाराओं, मतों, पंथों और दर्शन की अनगिनत धाराएं बहती रही हैं। इस देश ने हर विचार को सुना है, परखा है, आत्मसात किया है और फिर उसे अपने रंग में रंग दिया है। इसी बौद्धिक और सांस्कृतिक परंपरा में लगभग एक सदी पहले दो विचारधाराओं ने जन्म लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) और वामपंथ (Communism)। दोनों का लक्ष्य समाज को दिशा देना था, लेकिन उनके रास्ते और दृष्टि एकदम भिन्न थे। एक ने संस्कृति को राष्ट्र का केंद्र माना, जबकि दूसरे ने समानता को समाज का सार बताया। आज जब ये दोनों विचारधाराएं सौ साल की यात्रा पूरी कर चुकी हैं, तो यह सवाल और प्रासंगिक हो जाता है कि क्या भारत अब भी विचारों के दो ध्रुवों में बंटा रहेगा या फिर अपनी प्राचीन चेतना के अनुरूप किसी समन्वित मार्ग का निर्माण करेगा?




संघ का जन्म 1925 में हुआ, जब औपनिवेशिक भारत राष्ट्रीय पहचान की खोज में संघर्ष कर रहा था। डॉ. हेडगेवार ने 'राष्ट्र' को केवल राजनीतिक इकाई नहीं, बल्कि सांस्कृतिक आत्मा के रूप में देखा। वहीं,इसी दौर में वाम विचार रूस की समाजवादी क्रांति से प्रेरित होकर भारत पहुंचा। उसने कहा कि असली संघर्ष पूंजी और श्रम के बीच है, धर्म और परंपरा नहीं। संघ ने धर्म को शक्ति कहा, वाम ने उसे भ्रम बताया। संघ ने कहा- 'भारत माता हमारी आत्मा है', जबकि वाम ने कहा- 'श्रमिक वर्ग हमारी क्रांति है।' एक ने आस्था में राष्ट्र को देखा, दूसरे ने संघर्ष में समाज को।

लेकिन समय के प्रवाह में इन दोनों विचारों की दिशा अलग-अलग मोड़ लेती गई। वामपंथ ने जब भारतीय समाज को समझने की कोशिश की, तो उसने उसे पश्चिमी चश्मे से देखा। उसने यहां के वर्ग-संघर्षों को यूरोपीय समाज की दृष्टि से व्याख्यायित किया, पर वह यह भूल गया कि भारत में समाज केवल आर्थिक इकाई नहीं, बल्कि आध्यात्मिक संरचना भी है। यहां व्यक्ति केवल श्रमिक नहीं, परिवार का अंग है, परिवार समाज का हिस्सा है और समाज धर्म, लोक और परंपरा से संचालित होता है। वाम विचार इस गूढ़ सामाजिक ताने-बाने को समझ नहीं सका, इसलिए उसकी जड़ें गहराई में नहीं जा सकीं। वह विश्वविद्यालयों और कुछ राज्यों की राजनीति तक सीमित रह गया।

संघ ने इसके विपरीत किया। उसने विचार को व्यवहार में बदला। शाखाओं के माध्यम से संगठन खड़ा किया, समाज के हर वर्ग में संवाद किया, और सांस्कृतिक चेतना को सामाजिक आंदोलन में रूपांतरित कर दिया। यही कारण है कि आज संघ का प्रभाव केवल एक राजनीतिक दल तक सीमित नहीं, बल्कि भारत के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन की नसों में बहता दिखाई देता है, पर यह भी उतना ही सच है कि जहां शक्ति का विस्तार होता है, वहां जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी हो जाती है। संघ को अब यह सुनिश्चित करना होगा कि उसकी 'संस्कृति-चेतना' कहीं कट्टरता या बहिष्कार की दिशा में न मुड़ जाए।

धर्म भारत में हमेशा जोड़ने की शक्ति रहा है। यह यहां का सामाजिक ताना-बाना है, न कि किसी वर्ग विशेष का औजार। वाम ने जब धर्म को 'अफीम' कहा, तो उसने भारत की आत्मा को समझने से इनकार किया, पर संघ को भी यह याद रखना होगा कि धर्म का अर्थ केवल आचार या पूजा नहीं, बल्कि करुणा, समरसता और सहअस्तित्व है। यदि धर्म विभाजन का साधन बन जाए, तो वह धर्म नहीं, राजनीति बन जाता है। इसलिए आज सबसे बड़ी चुनौती यह है कि राष्ट्रवाद को 'श्रेष्ठता' की भावना से निकालकर 'संवेदनशीलता' और 'समानता' की भावना में रूपांतरित किया जाए। राष्ट्र तभी महान होता है, जब उसके हर नागरिक को उसमें अपना अंश दिखे, जब कोई स्वयं को उपेक्षित न महसूस करे।

भारत अब किसी एक विचारधारा का देश नहीं है। यह न तो पूर्ण रूप से दक्षिणपंथी है, न ही शुद्ध वामपंथी। यह एक नया भारत है, जो राष्ट्रवाद से आत्मगौरव लेता है और जनवाद से समानता की प्रेरणा। यह वही भारत है जो विवेकानंद की संस्कृति और गांधी की करुणा दोनों को साथ लेकर चलना चाहता है। यह वह देश है जो आज यह समझ चुका है कि विचारधारा से बड़ा 'विवेक' होता है और विवेक से ही राष्ट्र आगे बढ़ता है।

संघ और वाम- दोनों ने भारत को बहुत कुछ दिया है। संघ ने संगठन और आत्मविश्वास दिया, वाम ने तर्क और प्रश्न करने की संस्कृति दी। अब भारत को इन दोनों की संतुलित दृष्टि की आवश्यकता है। उसे न अंधभक्ति चाहिए, न अंधविरोध। उसे चाहिए- विवेकपूर्ण समन्वय।

आज जब देश राजनीतिक ध्रुवीकरण, धार्मिक तनाव और आर्थिक असमानता के दौर से गुजर रहा है, तब सबसे बड़ी जरूरत है 'विचारों के टकराव' से 'विचारों के संवाद' की ओर बढ़ने की। भारत की आत्मा संघर्ष में नहीं, समन्वय में बसती है। यही इस देश की सनातन शक्ति है- जहां विपरीत विचार भी एक छत के नीचे बैठकर सहअस्तित्व का मार्ग खोज लेते हैं।

इस सदी के भारत को नई राजनीति चाहिए, ऐसी राजनीति जो सत्ता के लिए नहीं, सद्भाव के लिए हो, जो नारे नहीं, नैतिकता पर टिकी हो, जो विचारधारा नहीं, चेतना को निर्णायक बनाए।

सौ साल की इस वैचारिक जंग ने भारत को यह सिखाया है कि बिना संगठन के विचार टिकता नहीं और बिना प्रश्न के संगठन बढ़ता नहीं। संघ ने समाज को संगठित किया, वाम ने सोच को आंदोलित किया। अब समय है कि दोनों का सर्वोत्तम भारत के भविष्य का आधार बने। क्योंकि जन से ही राष्ट्र बनता है, और राष्ट्र तभी जीवित रहता है, जब जन समान, सुरक्षित और सुखी हो। भारत को अब टकराव नहीं, समन्वय की राजनीति चाहिए- जहां मतभेद हों, पर मनभेद न हों,जहां विचारधारा नहीं, विवेक निर्णायक बने। यही भारत की आत्मा की सच्ची कसौटी है।

## दूसरी विचारधारा के लोग भले ही संकुचित मन वाले हों, हमें बड़ा मन रखना चाहिए

प्रेरक-प्रसंग

आर्य समाज के तपोनिष्ठ स्वामी श्रद्धानंद जी एक पत्र बहुत ध्यान से पढ़ रहे थे। उन्होंने तीन बार उस पत्र को पढ़ा। पास में बैठे शिष्यों ने उनसे पूछा, आप कुछ चिंतित दिख रहे हैं, ऐसा क्या लिखा है इस पत्र में और इसे भेजा किसने है? श्रद्धानंद जी ने कहा, ये पत्र एक अंग्रेज पादरी ने भेजा है और रुड़की से आया है। उसने मांग की है कि वह हमारे आश्रम में रुककर हिन्दी भाषा सीखना चाहता है। उसने ये भी लिखा है कि मैं सिर्फ भाषा सीखने आ रहा हूं, किसी भी तरह से मैं ईसाई धर्म का प्रचार नहीं करूंगा। ये बातें सुनकर सभी शिष्य श्रद्धानंद जी की ओर देखने लगे। उन्होंने कहा हम स्वामी दयानंद के शिष्य हैं, हमारे स्वामी जी ने हमें सिखाया है कि जब भी कोई काम करो तो उस पर एक दृष्टि मत रखना, अनेक दृष्टिकोण से उस कर्म पर विचार करना और उसके बाद कर्म करना। अब प्रश्न ये है कि इन्हें अनुमति दी जाए या न दी जाए। सभी ने कहा, हमें इस पादरी को अनुमति नहीं देनी चाहिए। श्रद्धानंद जी ने कहा, हम उन्हें पत्र लिखते हैं और उसमें स्पष्ट कर देंगे कि आप हमारे यहां अतिथि बनकर आएं। हिन्दी भाषा सीखें, लेकिन आपको ये आश्वस्त करना होगा कि आप हमारे गुरुकुल में किसी भी ढंग से ईसाई धर्म का ऐसा प्रचार नहीं करेंगे कि विवाद हो जाए।

# उगते सूरज को अर्घ्य देकर किया छठ पूजा का पारायण

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शहर में रह रहे पूर्वी उत्तर प्रदेश के परिवारों ने कुटिया कालोनी में छठ पूजन किया। महिलाओं ने निर्जल व्रत रखकर सूर्य देवता की पूजा की। मंदिर में बने घाट में खड़े होकर डूबते हुए सूरज को अर्घ्य अर्पित कर स्वजनों के दीर्घायु होने की कामना की गई। आज उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत पूरा किया। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई परिवार कुटिया कालोनी में कई दशक से रह रहे हैं। ये परिवार छठ पूजन करते हैं। स्वजन की दीर्घायु के लिए यह व्रत रखा जाता है। महिलाओं ने रविवार सुबह नहाय-खास व्रत शुरू किया था। कल शाम सभी स्वजन मंदिर परिसर में एकत्र हुए और पूजन किया। पूजन में गौं के लिए फल, कपड़े आदि उपहार रखे गए। इसके बाद दंपतियों ने मंदिर परिसर में ही बने घाट में खड़े होकर डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर स्वजन के सकुशल रहने की कामना की। सामूहिक पूजन के बाद बुजुर्गों को फल आदि देकर आशीर्वाद लिया गया। आज उगते हुए सूर्य को अर्घ्य अर्पित करके आशीर्वाद लिया। इसके बाद महिलाओं ने अपना व्रत पूरा करके अन्न और जल ग्रहण किया। काफी महिलाओं ने गंगा बैराज घाट पर जाकर भी पूजन किया। इस दौरान पूजन में किरण श्रीवास्तव, उर्मिला देवी, बबीता, रेणु, प्रतिभा देवी, गीता, सुनीता, सोना देवी आदि महिलाओं ने पूजन किया। सुरेश श्रीवास्तव, मनोज यावद, शशिभूषण पांडे आदि ने पूजन व्यवस्था में सहयोग किया।



# महिला आरक्षी नीरज ने करनाल में जीता सिल्वर मेडल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिले की महिला मुख्य आरक्षी नीरज ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से न केवल पुलिस विभाग, बल्कि पूरे बिजनौर का नाम रोशन किया है। उन्होंने हरियाणा के करनाल में आयोजित 74वीं ऑल इंडिया पुलिस रेसलिंग क्लस्टर प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीतकर दूसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं लुधियाना (पंजाब) में हुई नेशनल आर्म रेसलिंग चैम्पियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया। सोमवार को एसपी अभिषेक झा ने महिला आरक्षी नीरज को इस उपलब्धि पर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि मुख्य आरक्षी नीरज ने कड़ी मेहनत और लगन से जो उपलब्धि हासिल की है, वह पूरे जनपद पुलिस के लिए गौरव की बात है। उनके जज्बे से अन्य पुलिसकर्मियों को भी प्रेरणा मिलेगी।


आरक्षी नीरज को सम्मानित करते हुए एसपी श्री अभिषेक

# सिल्वर मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में 20वीं एशियन रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत (सिल्वर) पदक अर्जित करने वाली जनपद की तीन खिलाड़ी वैष्णवी शर्मा, श्रेया एवं आकृति सोरियान को जिला खेल विकास प्रोत्साहन समिति, बिजनौर की ओर से रुपये 25-25 हजार रुपए की आर्थिक सहायता एवं प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है।

जिलाधिकारी ने बधाई देते हुए कहा कि वैष्णवी शर्मा, श्रेया और आकृति सोरियान ने अपनी प्रतिभा और समर्पण से बिजनौर जनपद का नाम ऊंचा किया है। जिला प्रशासन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए हर संभव सहायता प्रदान करता रहेगा, ताकि वे भविष्य में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर सकें। इस अवसर पर राजकुमार, जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं सचिव जिला खेल विकास प्रोत्साहन समिति बिजनौर ने कहा कि खिलाड़ियों को दी गई यह आर्थिक सहायता उनके कठिन परिश्रम और उत्कृष्ट प्रदर्शन के सम्मान में है। इससे अन्य खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी कि वे जिले और प्रदेश का नाम रोशन करें।




# मारपीट के आरोपियों की एक माह बाद भी गिरफ्तारी न होने पर रोष

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समीपवर्ती ग्राम गजरौला अचपल में करीब एक माह पूर्व रामलीला के दौरान कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा एक नाबालिग के साथ की गई मारपीट के मामले में पीड़ित परिवार ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पीड़ित की मां बीडीसी सदस्य जोली राजपूत पत्नी शशांक राजपूत का आरोप है कि 26 सितंबर 2025 की रात को करीब 10 बजे उनका पुत्र सजल राजपूत गांव में रामलीला देख रहा था। उसी दौरान गांव के ही गजेन्द्र पुत्र मुन्ने, अतुल पुत्र हरज्ञान सिंह, विकास पुत्र रमेश तथा एक अन्य व्यक्ति ने धारदार हथियार से वार कर उसे घायल कर दिया था। अतुल अपनी लाइसेंसी बंदूक लेकर आया था। घायल अवस्था में जब उनके पति शशांक राजपूत ने पुलिस सहायता के लिए 112 नंबर पर कॉल की, तो पुलिस मौके पर पहुंची। बाद में पिता-पुत्र थाने पहुंचे तो आरोपी पीछा करते हुए थाने पहुंच गये और थाने में ही जान से मारने की नीयत से बंदूक तान दी। जोली राजपूत ने बताया कि मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने अतुल की बंदूक छीनकर थाने में जमा करा दी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पीड़िता जोली राजपूत ने एसपी को दिए पत्र में आरोप लगाया है कि मुकदमा दर्ज होने के बावजूद शहर कोतवाली पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं कर रही है।

# 'हर क्षेत्र में अपनी सफलता का परचम लहरा रही हैं महिलाएं'

## गुलाब सिंह कालेज में रासेयो द्वारा संगोष्ठी का आयोजन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय चांदपुर, बिजनौर में राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वावधान में कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद आरिफ और डा. उदिता राजपूत के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के तहत 'विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के असाधारण कार्य' विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. मोहम्मद साजिद अंसारी ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली महिलाओं के उदाहरण देते हुए किसी भी क्षेत्र में अपनी भागीदारी देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि गुंजन सक्सेना तथा सोफिया कुरैशी आदि महिलाओं ने भारतीय सेना में अपना योगदान दिया है। उन्होंने बताया इंदिरा गांधी, सुषमा स्वराज तथा निर्मला सीतारमण जैसे उदाहरण हमारे पास राजनीति क्षेत्र में मौजूद हैं। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने उद्यमी महिलाओं के बारे में बताते हुए छात्र-छात्राओं को समझाया कि यदि महिलाएं ठान लें तो किसी भी क्षेत्र में अपना परचम लहरा सकती हैं। आधुनिक समय में हम देखते हैं कि अभिनय के क्षेत्र में तो महिलाएं पहले से ही सक्रिय रही हैं और आज भी अनूठे काम कर रही हैं। न केवल अभिनय के क्षेत्र में बल्कि निर्देशन में, कोरियोग्राफी में और बहुत सारे क्षेत्र में महिलाएं बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं। अंतरिक्ष विज्ञान में भी उन्होंने अपना नाम कमाया है, जैसे कल्पना चावला और सुनीता विलियम्स आदि नाम किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं। उन्होंने कहा कि वे अपनी शिक्षा के महत्व को समझते हुए अपनी शिक्षा पर ध्यान दें और उन्नति की मार्ग पर अग्रसर रहें।



# व्यापारियों ने धरना-प्रदर्शन कर विदुर डिपार्टमेंटल स्टोर का निर्माण रुकवाया




धरना देते हुए व्यापारी।

**धामपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शाखा धामपुर एवं बड़ी मंडी युवा व्यापार संगठन के नेतृत्व में बड़ी मंडी के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद करके बड़ी मंडी में राष्ट्रीय प्रतीक चिन्ह अशोक स्तंभ के सामने नगर पालिका परिषद द्वारा विदुर डिपार्टमेंटल स्टोर खोले जाने के विरोध में धरना-प्रदर्शन किया। व्यापारियों ने कहा कि हम राज्य सरकार की विदुर योजना के साथ हैं, लेकिन बड़ी मंडी के प्रांगण को लेकर नगर पालिका से मुकदमा नगीना मुंसफी में चल रहा है। जिसके अंतर्गत न तो नगर पालिका यहां किसी को भूमि अलाट कर सकती है और न ही मंडी के व्यापारी यहां किसी प्रकार का निर्माण कर सकते हैं।

इसके बावजूद नगर पालिका प्रशासन ने बिदुर डिपार्टमेंटल स्टोर बड़ी मंडी के प्रांगण में खोले जाने के लिए भूमि एलाट कर दी जिस पर कल संबंधित व्यक्ति निर्माण कार्य करने के लिए राजमिस्त्री और सामग्री लेकर आया था जिस पर व्यापारी भड़क गए। इसके विरोध में मंडी की समस्त दुकाने बंद कराकर व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन किया।

धरने की सूचना पाकर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी रवि शंकर शुक्ला, संपत्ति लिपिक विशाल अग्रवाल एवं नायब तहसीलदार ने जाकर व्यापारियों से वार्ता की जिस पर व्यापारियों ने बताया कि बड़ी मंडी में धामपुर सहकारी कय विक्रय समिति की बिल्डिंग खाली पड़ी हुई है वहां पर डिपार्टमेंटल स्टोर खोला जा सकता है। इस पर ईओ ने आश्वासन दिया कि इस संबंध में उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर वार्ता की जाएगी। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद धामपुर रवि शंकर शुक्ला के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया।

इस अवसर पर संगठन के अध्यक्ष मनोज धनोरिया, निखिल जैन, अजय कुमार पिंटू, विपुल अग्रवाल, विपुल जैन, विकास कुमार, विवेक कुमार, राघव अग्रवाल, अनमोल कुमार, अभिषेक मोदी, संजय अग्रवाल, राकेश कुमार, अनिल कुमार, बाबू नरेंद्र कुमार , राजीव कुमार, नवनीत कुमार, वसीम अहमद, इरशाद अहमद, हारून आदि व्यापारी धरनास्थल पर मौजूद रहे। नगर पालिका परिषद के वार्ड सभासद पुरुषोत्तम अग्रवाल भी सूचना पाकर धरना स्थल पर पहुंचे और व्यापारियों को आश्वासन दिया कि वह उनके साथ हैं।

# धामपुर शुगर मिल परिसर में श्रद्धापूर्वक मनाया गया छठ महापर्व



छठ पूजा करते हुए महिलाएं।

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल परिसर में सोमवार को छठ महापर्व हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मिल के श्रमिकों और कर्मचारियों के परिवारों ने मिल परिसर में बने विशेष घाट पर भगवान सूर्य को अर्ध्य अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाते हुए सूर्यदेव की आराधना की। बच्चों और बुजुर्गों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। मिल प्रशासन की ओर से पूजा स्थल पर साफ-सफाई, प्रकाश और जल की विशेष व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर पूजा में भाग लेने वालों में बलराम सिंह, चंदा देवी, बिंदेश्वर साहनी, सुनीता देवी, कौशल साहनी, पिंकी देवी, अनिल उपाध्याय, पायल उपाध्याय, मनोज कुमार, काजल देवी, सुनील उपाध्याय, ममता उपाध्याय, वीरेंद्र यादव, कौशल्या यादव, चंद्रवली राय, अनीता देवी, सलेश कुमार यादव, सुनीता यादव, बब्बन सिंह, नीलू देवी, विजय गुप्ता (डीएसएम) आदि शामिल रहे। छठ पर्व के दूसरे दिन मंगलवार की सुबह उदयमान सूर्य को अर्ध्य देने के साथ ही महापर्व का समापन किया गया।



निशांन ध्वज यात्रा में शामिल श्रद्धालु ।

# श्रीश्याम जन्मोत्सव पर निकाली गई निशान ध्वज नगर परिक्रमा यात्रा

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री श्याम मित्र मंडल धामपुर द्वारा आयोजित दो दिवसीय छठे विशाल श्री श्याम जन्मोत्सव के पहले दिन निशान ध्वज नगर परिक्रमा यात्रा निकाली गई। इसमें निर्धारित किए गए 111 निशान ध्वज के स्थान पर 151 निशान ध्वज धारी पुरुषों और महिलाओं ने भाग लिया। नगर के मोहल्ला गुजरातियान स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ हुई इस यात्रा का शुभारंभ पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, डॉक्टर आदित्य अग्रवाल समाजसेवी योगेश कुमार रस्तोगी, श्री श्याम मित्र मंडल के महंत विकास वशिष्ठ, डॉक्टर अंकुर वर्मा आदि ने सामूहिक पूजन व नारियल भंजन करके किया। पूजन कार्यक्रम आचार्य पंडित गौरव कृष्ण भारद्वाज, आचार्य पंडित परितोष शास्त्री ने संयुक्त रूप से संपादित कराया। यात्रा श्री राधा कृष्ण मंदिर से प्रारंभ होकर भगवान महावीर मार्ग, खारी कुआं, भगत सिंह चौक, फल चौक, बड़ी मंडी, पंजाबी मार्केट, रेलवे स्टेशन मार्ग, डॉ. जाकिर हुसैन मार्ग, नेताजी सुभाष चंद्र होते हुए शुभम मंडप में पहुंचकर संपन्न हुई। जहां दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत आज मंगलवार की रात्रि 7 बजे से भव्य एवं विशाल श्याम कीर्तन का आयोजन किया जाएगा।

# माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ अभियान चलायेगा, शिक्षणेत्तर कर्मियों को एक प्लेटफार्म पर लाया जाएगा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** माध्यमिक शिक्षणेत्तर संघ आगामी माह में संगठन का सदस्यता अभियान प्रभावी कर शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को एक प्लेटफार्म पर लाकर संगठन को मजबूती प्रदान करेगा। साथ ही प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में लंबित मांगों को लेकर मंथन कर आंदोलन की रूपरेखा तैयार करेगा।

सोमवार को संगठन की प्रदेश पदाधिकारियों की वर्चुअल बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने अगले माह प्रदेश में शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को एक प्लेटफार्म पर लाने, सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को मजबूती देने का आवाहन किया है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती के साथ ही वर्षों से लंबित मांगों को शासन के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि आगामी प्रदेश कार्य समिति की बैठक में संगठन के आन्दोलनात्मक कदम उठाने पर चर्चा कर ठोस निर्णय लिया जाएगा। प्रदेश महामंत्री संजय पुंढीर ने प्रदेश के जनपदीय संगठन की समीक्षा करते हुए निष्क्रिय जनपदों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को सक्रिय करने पर जोर दिया।

प्रदेश कार्य समिति की बैठक की जानकारी देते हुए संघ के बिजनौर जिलाध्यक्ष व प्रदेशीय संघर्ष समिति संयोजक मुकेश सिन्हा ने शिक्षणेत्तर कर्मचारियों से अपने हित व अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए संगठन को समर्पित सहयोग देने का आवाहन किया। उन्होंने कर्मचारियों से एकजुट होकर लंबित मांगों का शासनादेश जारी कराने के लिए एक बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहने की अपील की। अजय कुमार शर्मा की अध्यक्षता व अनूप द्विवेदी के संचालन में हुई बैठक में मोहित राघव,राजन पांडेय,अतुल श्रीवास्तव, भूपेंद्र सिंह, राकेश पाण्डेय, धर्म सिंह, विश्राम सिंह यादव, इन्द्रसैन सिंह, पंकज भदौरिया, संदीप सक्सेना, विशेष कुमार, दिवाकर सिंह, रितेश कुमार आदि ने अपने विचार व्यक्त किए।

# कार्तिक माहत्मय के उपलक्ष में निकाली गई प्रभात फेरी

## अनेक स्थानों पर किया गया स्वागत



कार्तिक के उपलक्ष्य में निकाली गई प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालु।

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्री सनातन धर्म सभा शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी से कार्तिक मास के अंतर्गत आज प्रात: निकाली गई तीसरी प्रभात फेरी में शामिल श्रद्धालुओं ने सामूहिक भजनों के माध्यम से निर्धारित मार्गो को गुंजा दिया। प्रभात फेरी का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया, जिसके मुख्य यजमान मंदिर की प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष सुरेश कुमार छाबड़ा एवं आशा रानी छाबड़ा, महासचिव जगदीश लाल अरोड़ा एवं रीतिका रानी अरोड़ा तथा कोषाध्यक्ष नितिन कुमार और शिखा रानी छाबड़ा आदि रहे। प्रभात फेरी का पहला स्वागत पंजाबी कॉलोनी में सनातन धर्म सभा शिव मंदिर की प्रबंध समिति के अध्यक्ष जितेंद्र मोहन कपूर एवं वंदना रानी कपूर की ओर से किया गया। जबकि दूसरा स्वागत नगीना मार्ग स्थित कृष्णा नगर कॉलोनी में रहने समाजसेवी सुभाष चंद्र गंभीर कारीगर के परिवार द्वारा तथा तीसरा स्वागत पंजाबी कॉलोनी के श्री गुरु नानक मार्ग पर राधेश्याम छाबड़ा के परिवार की ओर से हुआ, जिसमें सुरेश कुमार छाबड़ा एवं आशा रानी छाबड़ा, लोकेश कुमार छाबड़ा एवं पूजा रानी छाबड़ा, भव्य छाबड़ा, सत्री छाबड़ा, मनन छाबड़ा, मान्या छाबड़ा आदि ने किया। प्रभात फेरी को सफलता दिलाने में युवा समाजसेवी अनंत नंदन रस्तौगी, निखिल अरोड़ा, नानू अरोड़ा डॉक्टर विनय कुमार दुआ, कमलेश रानी अरोड़ा , पूर्व पालिका सभासद राजीव कुमार छाबड़ा बबीता रानी छाबड़ा, अनमोल अरोड़ा, नैंसी अरोड़ा, पुलकित अरोड़ा, अनिल सचदेवा, पूनम सचदेवा, विजय कुमार शर्मा, बाला देवी शर्मा, प्रदीप सचदेवा, शीना सचदेवा, मुलख राज चांदना, दीपा चांदना, मनोज कुमार दुआ, प्रदीप कुमार दुआ, नितिन जुनेजा, प्रदीप कुमार चोपड़ा, अशोक कुमार चोपड़ा आदि का योगदान रहा।

# खनन के परिवहन में लगे वाहनों की होगी जांच




**बिजनौर ( चिंगारी )।** जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने उपसंभागीय परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया कि खनन का परिवहन करने वाले सभी वाहनों की बारीकी के साथ नंबर प्लेट आदि की निर्धारित मानक के अनुरूप जांच करना सुनिश्चित करें और यदि कोई नंबर प्लेट संदिग्ध, अपूर्ण अथवा अपठनीय स्थित में पाई जाए तो तत्काल वाहन स्वामी के ख़िलाफ़ दंडात्मक कार्रवाई करना सुरक्षित करें।

## डीएम ने दिये निर्देश

उन्होंने सभी उपजिलाधिकारी एवं तहसीलदार को निर्देशित किया कि यदि धारा 98 से संबंधित भूमि विक्रय करने से संबंधित प्रकरण अनुज्ञा के लिए उनके पास आता है तो निर्धारित मानकों एवं जांच उपरांत के बाद ही भूमि विक्रय के लिए अनुमति पत्र प्रदान कराएं।

जिलाधिकारी श्रीमती कौर शाम 5 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में मासिक राजस्व स्टाफ एवं कर-करेत्तर की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दे रही थीं। उन्होंने निर्देश दिये कि 05 एवं 03 वर्ष से अधिक पुराने वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करना सुनिश्चित करें तथा अनावश्यक रूप से कोई भी वाद लंबित न रहने पाए। उन्होंने कर करेत्तर के अंतर्गत कम राजस्व वसूली करने वाले विभागीय अधिकारियों को सचेत करते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर यदि उनके विभाग की रैंकिंग प्रभावित होती है तो उनके विरुद्ध कार्यवाही करते हुए उनके उच्च अधिकारियों को भी लिखा जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, वित्त एवं राजस्व श्रीमती वान्या सिंह, न्यायिक अंशिका दीक्षित, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्मृति मिश्रा सहित सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार एवं अन्य राजस्व विभाग से संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद थे।

# विवेक हॉकी कप टूर्नामेंट 19 नवम्बर से



**चांदपुर ( चिंगारी )।** स्व. बाबू कैलाश चंद और स्व. इकबाल सिंह लोहिया मेमोरियल ट्रस्ट के तत्वावधान में द्वितीय विवेक हॉकी कप टूर्नामेंट 19 से 23 नवंबर तक नगर स्थित हिन्दू इंटर कालेज में आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए चांदपुर हॉकी सोसायटी कोच कमलेश यादव, मीडिया प्रभारी विकास गोयल, शैलेन्द्र लोहिया व कार्यक्रम प्रभारी रऊफ अहमद व अफजल फारूकी ने बताया कि 19 नवम्बर से शुरू होने वाले 5 दिवसीय द्वितीय विवेक हॉकी कप टूर्नामेंट में चांदपुर के साथ-साथ नार्थ ईस्टर्न रेलवे, रामपुर हास्टल, हरिद्वार हास्टल, गाजियाबाद, बरेली व बिजनौर सहित कई अन्य स्थानों की हॉकी टीम प्रतिभाग करेंगी। अफजल फारूकी ने बताया कि टूर्नामेंट में मौ. अतहर अंजान ग्रुप दिल्ली, विवेक कर्णवाल, गोविन्द मित्तल, अरविन्द कुमार व अमित मित्तल ने पूर्ण सहयोग देने का भरोसा दिलाया।

# पेटी भर जाने पर पोस्ट मास्टर को सौंपे पोस्ट कार्ड



**गंज ( चिंगारी )।** गंगा एक्सप्रेस वे को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के द्वारा चलाए जा रहे पोस्टकार्ड अभियान के तहत सोमवार को विदुर कुटी, वृद्ध आश्रम, केवलानंद आश्रम गंज, मुख्य बाजार गंज तथा गंज सब्जी मंडी में एक पोस्टकार्ड सरकार के नाम कार्यक्रम चलाया। किसान यूनियन ने क्षेत्र के विकास और उत्थान के लिए गंगा एक्सप्रेस वे को विदुर कुटी व गंज से होकर जाने की बात कही। किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष चौधरी उदयवीर सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी नोबहार सिंह ने लोगों से गंगा एक्सप्रेस वे को गंज विदुर कुटी से होकर निकलने के लिए किये जा रहे प्रयासों का समर्थन करने तथा एक पोस्टकार्ड सरकार के नाम भेजने की अपील की। गंज ब्रांच पर लगी पत्र पेटी पोस्टकार्डों से भर जाने पर किसानों ने पोस्टकार्ड ब्रांच पोस्टमास्टर अफसीन जमाल को सौंपे। चौधरी उदयवीर सिंह ने गन्ने का मूल्य रुपये 500 प्रति कुंतल करने की सरकार से मांग भी की। इस अवसर पर चौधरी उदयपुर सिंह तहसील अध्यक्ष बिजनौर, चौधरी नौबाहार सिंह ब्लॉक अध्यक्ष हल्दौर, शुभम नगर अध्यक्ष बिजनौर, डैनी, कपिल, चौधरी हुकम सिंह, राकेश प्रधान, नीरज चौधरी, वॉवी पावर ब्लॉक मीडिया प्रभारी हल्दौर, ऋषभ बेनीवाल, सुशील राजन हल्दौर, कर्मेंद्र उर्फ बिल्लू, जॉनी अशोक कुमार, सुरेश प्रधान नांगल जट आदि किसान शामिल रहे।

# सलीम अंसारी बने जिलाध्यक्ष, शराफत अलवी महासचिव



**धामपुर ( चिंगारी )।** सोमवार को नसीम अंसारी के आवास पर भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज की एक बैठक साजिद अंसारी की अध्यक्षता एवं डॉक्टर आफाक फैज डेंटिस्ट के संचालन में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. इरफान मंसूरी ने अपने संबोधन में पसमांदा मुस्लिमों को एकजुट होकर अपने हुकूक हासिल करने की अपील की, साथ ही उन्होंने सलीम अंसारी को जिला अध्यक्ष बिजनौर और शराफत अल्वी शेरकोट को महासचिव मनोनीत किया। दोनों ओहदेदारों ने भारतीय पसमांदा मुस्लिम समाज संगठन को जनपद में मजबूती देने का आश्वासन दिया। बैठक में इमरान अंसारी, बब्बू उस्मानी, नदीम अहमद, आसिफ अंसारी, मो. शाहिद अंसारी, जाकिर अहमद, इमरान एडवोकेट, पप्पू भाई, उस्मान अहमद, रिजवान अहमद ने अपने विचार रखे।

# पुलिस ने 8 वारंटी गिरफ़्तार किये

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत शहर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को कार्रवाई करते हुए कोर्ट से जारी गैर-जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के आठ वांछित वारंटियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने ऋषिपाल पुत्र रामचरन, निवासी गंज, महमूदुल हसन पुत्र जमीर अहमद, निवासी मोहल्ला खत्रियान, शहजाद पुत्र रशीद धोबी, निवासी मोहल्ला खत्रियान इस्लामनगर, अब्दुल समद पुत्र मौखा, निवासी मोहल्ला मिर्दगान, शाहिद पुत्र मुन्ना, निवासी ग्राम फरीदपुर उद्दा, चांदपुर रोड व मौ. आबिद पुत्र मौ. कामिल, निवासी मोहल्ला खत्रियान, शहर कोतवाली को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस के मुताबिक दो अन्य वारंटियों के नाम भी पुलिस रिकॉर्ड में दर्ज हैं, जिनकी जानकारी अदालत को भेजी जा रही है। शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सोलंकी ने बताया कि सभी आरोपियों को न्यायालय के आदेश के तहत गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# किक बॉक्सिंग लीग में जीते 15 मेडल



**नूरपुर ( चिंगारी )।** खेलो इंडिया अस्मिता किक बॉक्सिंग लीग का आयोजन रविवार को किक बॉक्सिंग एसोशिएशन मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल मुजफ्फरनगर में किया गया, जिसमें जिला बिजनौर से गुरू तेग बहादुर पब्लिक स्कूल नूरपुर के खिलाड़ियों ने कोच प्रदीप कुमार के मार्गदर्शन में भाग लिया। खिलाड़ियों ने 3 गोल्ड, 5 सिल्वर, 7 ब्रॉन्ज मैडल अपनी वेट कैटेगरी में जीते। मानवी चौहान, तृप्ती चौधरी, काव्या राजपूत ने गोल्ड मैडल जीता। अशरफिया पठान, दीपाक्षी चौहान, साधना कुमारी, वैष्णवी त्यागी, हिमांशी ने सिल्वर मैडल जीता। दीप ऐंजल सिंह, आदित्री अरोड़ा, प्रत्यूषा अरोड़ा, मिनाक्षी सरधना, साक्षी सरधना, वंशिका खांडिया, करीमा पवार ने ब्रॉन्ज मैडल जीता। सभी खिलाड़ियों एवं कोच प्रदीप कुमार को प्रबंध निदेशक मंदीप सिंह एवं प्राचार्य अवनीश कुमार ने सम्मानित किया।



# कोविड के दौरान, चिंगारी-बिजनौर टाइम्स को मिली अंतर्राष्ट्रीय पहचान

## अमेरिका की मैरीलैंड यूनिवर्सिटी ने दोनों अख़बारों की ख़बरों को अपनी रिसर्च में शामिल किया




26 जनवरी 1950 को जिस दिन हमारा संविधान लागू हो रहा था, उसी दिन चिंगारी की स्थापना हुई थी। इसके बाद 25 अक्टूबर 1985 से चिंगारी समाचार-पत्र ने सांध्य दैनिक चिंगारी के रूप में अपना सफर शुरू किया था। सांध्य दैनिक के रूप में अपने 40 वर्षों के सफर में चिंगारी ने अनेक व्यवधान, अवरोध, झंझावतों व संघर्षों का समुद्र पार कर यह यात्रा तय की है। चार दशकों की इस यात्रा में चिंगारी समाचार पत्र आज के इस व्यवसायिक युग में भी मिशनरी पत्रकारिता के पथ से एक डिग्री भी विचलित नहीं हुआ है। समाज और राष्ट्रहित में की गई मिशनरी पत्रकारिता का ही यह परिणाम है कि चिंगारी को इस सफर में केवल राष्ट्रीय ही नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्धि हासिल हुई है।

जरा याद कीजिए कोविड-19 पैंडेमिक से उत्पन्न वैश्विक महामारी को जिसने समूचे विश्व में डर व खौफ से हाहाकार मचाकर सारी दुनिया को गतिहीन कर दिया था। जब भारत में भी तमाम समाचार-पत्रों का प्रकाशन बंद हो गया था और अनेक बड़े संस्थान जिनका प्रकाशन तो हो रहा था, परंतु प्रसार केवल बड़े शहरों तक सीमित होकर रह गया था, तब उस भयावह काल में भी सांध्य दैनिक चिंगारी ने मिशनरी पत्रकारिता करते हुए न सिर्फ समाज के हर एक वर्ग की पीड़ा को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था, बल्कि मानव बस्तियों में रहने वाले पशु-पक्षियों तक की समस्याओं को भी प्रकाशित किया था। चिंगारी में प्रकाशित इन ख़बरों का संज्ञान लेने के बाद अनेक समाजसेवी व पशु-पक्षी प्रेमियों ने केवल भूखे इंसानों तक ही नहीं, बल्कि पशु-पक्षियों को भी भोजन उपलब्ध कराते हुए देखे गये थे।

वैश्विक महामारी के उस दौर में सांध्य दैनिक चिंगारी की मिशनरी पत्रकारिता को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उस समय उपलब्धि हासिल हुई थी। जब बिजनौर टाइम्स ग्रुप के समाचार-पत्रों में प्रकाशित समाचार और लेखों को अमेरिका की प्रमुख शिक्षण एवं शोध संस्थान मैरीलैंड विश्वविद्यालय ने अपनी रिसर्च में शामिल किया था। इस शोध का उद्देश्य यह पता लगाना था कि कोरोना वायरस से उत्पन्न महामारी संकट में आम लोगों के जनजीवन पर पड़ने वाले प्रभाव और जीवन शैली में आए बदलाव तथा लोग कोरोना वायरस को कैसे प्रसारित करते हैं और इसके प्रसार को कैसे रोका जा सकता है। सर्जिकल एवं होममेड मास्क एयरबोर्न वायरस के रिलीज को कैसे रोकते हैं। इन कारणों का पता लगाने के लिए अमेरिका का कार्नेगी मैलान विश्वविद्यालय अमेरिका के लोगों पर रिसर्च कर रहा था तो वहीं मैरीलैंड विश्वविद्यालय गैर अमेरिकियों पर यह रिसर्च कर रहा था। महामारी के दौर में जब रिसर्च के लिए लोगों तक सीधे पहुंचना संभव नहीं था, तब मैरीलैंड विश्वविद्यालय ने कॉविड-19 पैंडेमिक पर पूरे विश्व में फेसबुक पर अपलोड किए गए रिसर्च योग्य समाचारों व लेखों को अपने अनुसंधान में शामिल किया था। उल्लेखनीय है कि बिजनौर टाइम्स ग्रुप के दोनों समाचार पत्रों बिजनौर टाइम्स व सांध्य दैनिक चिंगारी ने कॉविड-19 पैंडेमिक के चलते शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि व्यवसाय, मजदूरी सहित हर वर्ग की पीड़ा और उन पर पड़ने वाले प्रभावों से संबंधित समाचार व लेखों को फेसबुक पर अपलोड किया था। जहां से मैरीलैंड विश्वविद्यालय ने बिजनौर टाइम्स ग्रुप के समाचार-पत्रों में प्रकाशित ढाई दर्जन समाचार व लेख अपने अनुसंधान में शामिल किए थे। बिजनौर टाइम्स ग्रुप के उक्त समाचार व लेख बाद में मैरीलैंड विश्वविद्यालय के अतिरिक्त समस्त यूरोपीय संघ की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शिक्षण एवं शोध संस्थाओं की रिसर्च में शामिल हुए थे। पत्रकारिता के पुरोधा बाबू सिंह चौहान द्वारा स्थापित बिजनौर टाइम्स समूह संस्थान को यह अंतरराष्ट्रीय उपलब्धि तब मिली थी, जब वैश्विक महामारी के दौर में बिजनौर टाइम्स संस्थान के प्रधान प्रबंधक चन्द्रमणि रघुवंशी एवं सांध्य दैनिक चिंगारी के संपादक सूर्यमणि रघुवंशी द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि हालात चाहे कितने ही कठिन व जटिल क्यों न रहे, बिजनौर टाइम्स समूह के समाचार-पत्रों का प्रकाशन और प्रसार महामारी में भी सतत चलता रहेगा और हर एक वर्ग की पीड़ा को प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया जाएगा। वैश्विक महामारी के दौर में वैश्विक जनकल्याण के लिए बिजनौर टाइम्स समूह संस्थान द्वारा की गई मिशनरी पत्रकारिता चौहान साहब के लिए सच्ची श्रद्धांजलि थी।

**-राशिद मलिक**























# चार दशकों की अथक मेहनत का परिणाम

सार्थक पत्रकारिता की सशक्त आवाज़, निष्पक्ष विचारों का मंच और समाज के प्रति जागरूकता का प्रतीक 'संध्या दैनिक चिंगारी' अपनी 40वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक पड़ाव पर पहुंची है। यह केवल एक समाचार-पत्र की वर्षगांठ नहीं, बल्कि चार दशकों की अथक मेहनत, सत्यनिष्ठा और जनसेवा की गाथा है।

मुख्य संपादक बड़े भाई सूर्यमणि रघुवंशी के नेतृत्व में 'चिंगारी' ने सदैव निर्भीकता, ईमानदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व की मिसाल कायम की है। आपका संपादकीय दृष्टिकोण और जनहित के प्रति समर्पण ने न केवल पत्रकारिता को नई दिशा दी है, बल्कि पाठकों के मन में विश्वास की एक अमिट छाप छोड़ी है।



40 वर्षों की यह यात्रा आपके संकल्प, निष्ठा और सत्य के प्रति अटूट विश्वास का प्रतिफल है। आपके मार्गदर्शन में 'चिंगारी' निरंतर जन-आवाज को स्वर देती रहे, समाज को जागरूकता की ज्योति से आलोकित करती रहे- यही कामना है।

आपको एवं आपकी पूरी टीम को इस गौरवशाली अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं अनंत बधाई।

**- संजीव मिश्रा, हल्दौर**




## चिंगारी

चिं- चिंता है शोषित, उपेक्षित, वंचित वर्ग की<br>
गा- गाते हैं हम गीत प्रेम के, गाते हैं संघर्षों की गाथा<br>
री- रीत हमारी है मिशन शांति चलाने की, जलते घरों को बचाने की, समाज को श्रेष्ठ बनाने की

**-रूकन राजपूत, नांगल सोती**

## चिंगारी फले-फूले

संपादक शिरोमणि आदरणीय बाबूजी (बाबूसिंह चौहान जी) ने बिजनौर टाइम्स और चिंगारी के रूप में कई वर्ष पहले जो दो पौधे लगाए थे, आज वह विशाल वट वृक्ष का रूप धारण कर चुके हैं और खूब फल-फूल रहे हैं। आदरणीय बड़े भाई साहब श्री चंद्रमणि रघुवंशी जी के मार्गदर्शन और दिशा निर्देशन में संस्थान तरक्की कर रहा है, इसके लिए दोनों भाई बहुत ही बधाई के पात्र हैं। आप दोनों भाई सूर्य और चंद्रमा की तरह पत्रकारिता जगत में बहुत ही ऊंचे स्थान पर सुशोभित हैं आप अनेक पत्रकारों के आदर्श बने हुए हैं। पत्रकारिता जगत में आप दोनों को बहुत ही सम्मान के साथ देखा जाता है। मैं इसका गवाह हूं एक समय वह भी था जब सूर्यमणि जी का एक्सीडेंट हुआ था, तब आपने बैड पर लेटे-लेटे अख़बार को चलाया था और बहुत ही मेहनत की थी। इसके लिए मैं आपको दिल से सैल्यूट करता हूं। मैं भगवान से प्रार्थना करता हूं कि बिजनौर टाइम्स परिवार हमेशा तरक्की करता रहे।



**-भूपेंद्र निरंकारी पत्रकार**
**बिजनौर**

## हैप्पी बर्थडे चिंगारी

'चिंगारी' के पूर्ण हुए सफल चालीस वर्ष।<br>
इन वर्षों में किए हैं कितने ही संघर्ष।।<br>
कितने ही संघर्ष तनिक भी हुई न विचलित।<br>
आदर्श को न छोड़ा कुछ रहा हो प्रचलित।।<br>
यह है 'अनिल' विचार बनी ये सबकी प्यारी।<br>
इसीलिए नित आगे बढ़ती जाती चिंगारी।।<br>
चालीस वर्ष हो गए 'चिंगारी' के नाम।<br>
इसी तरह करती रहे यह जनहित के काम।।<br>
यह जनहित के काम देती ख़बरें सच्ची।<br>
हर मन को भाती लगती 'चिंगारी' अच्छी।।<br>
यह शुभकामना 'अनिल' की पग-पग हो उत्कर्ष।<br>
हैप्पी बर्थडि 'चिंगारी' पूर्ण चालीस वर्ष।।

**-डॉ.अनिल शर्मा**
**'अनिल'**
**धामपुर**



# चिंगारी, एक जीवंत आंदोलन

**'चिंगारी' के गौरवशाली 40 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मैं सम्पूर्ण चिंगारी परिवार को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।**

स्वर्गीय बाबू सिंह चौहान के मिशन और आदर्शों से प्रेरित 'चिंगारी' ने अपनी स्थापना से लेकर आज तक निष्पक्षता, निर्भीकता और जनसरोकार की पत्रकारिता का जो आदर्श प्रस्तुत किया है, वह वास्तव में अनुकरणीय है। इस पत्र ने सदैव गरीबों, वंचितों और आम आदमी की आवाज़ को सशक्त रूप में उठाया है और कभी भी किसी दबाव या प्रलोभन के आगे झुका नहीं। यही इसकी असली पहचान है।

डॉ. सूर्यमणि रघुवंशी के कुशल संपादन में 'चिंगारी' ने न केवल अपनी वैचारिक गरिमा को बनाए रखा है, बल्कि नये लेखकों और विचारशील नागरिकों को एक सशक्त मंच भी प्रदान किया है। मैं स्वयं पिछले 35 वर्षों से 'चिंगारी' परिवार का एक सदस्य होने का गौरव अनुभव करता हूं। मेरे लिए 'चिंगारी' वह विद्यालय रही है, जहां लेखनी ने अपने पहले अक्षर सीखे जैसे-बच्चा पहली बार अपनी तख्ती पर लिखना आरंभ करता है।

आज जब 'चिंगारी' अपने चार दशकों की गौरवमयी यात्रा पूर्ण कर रही है, तब यह कहना उचित होगा कि यह केवल एक समाचार-पत्र नहीं, बल्कि एक जीवंत आंदोलन है, सत्य, साहस और जनसेवा का प्रतीक। ईश्वर से यही प्रार्थना है कि 'चिंगारी' की यह ज्योति इसी प्रकार सदैव प्रज्वलित रहे, समाज में सत्य और न्याय का प्रकाश फैलाती रहे, और अपने मिशन की भावना के साथ आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहे।



**-दीपेंद्र सिंह चौहान**
अध्यक्ष अखिल भारतीय
क्षत्रिय महासंघ धामपुर

# चिंगारी का असली नाम ही संघर्ष है

अगर ये कहा जाए कि चिंगारी का असली नाम ही संघर्ष, सेवा और मिशनरी पत्रकारिकता है तो ये गलत न होगा।

चार दशक से संघर्षों की भट्टी में तपकर आज सांध्य दैनिक चिंगारी सोना बन गया है। स्वर्गीय बाबू सिंह चौहान साहब ने अपने लहू की स्याही से इस संस्थान को सफलताओं तक पहुंचाया है। तमाम लोगों ने साजिश भी रची होगी, लेकिन लगातार कर्तव्य पथ पर चलते हुए, आर्थिक झंझटों से निपटते हुए कामयाबी की मंजिल पर पहुंचते हुए बड़े-बड़े अखबारों को कहीं न कहीं पीछे छोड़ते हुए अपनी सफलता का परचम लहराया है। बहुत-बहुत साधुवाद सूर्यमणि रघुवंशी को जिन्होंने उन मापदंडों को जो उनको विरासत में मिले थे, उनका पालन ही नहीं किया, बल्कि इस युग में जितनी भी अख़बार को चलाने में दुविधा आई, उन सबको पार करते हुए सफल संचालन किया है और भविष्य में जो तीसरी पीढ़ी उसको मेरी बहुत शुभकामना। इसी रिवायत के साथ जब उनको इस संस्थान को चलाने का मौका मिलेगा, पिछली परिपाटी संघर्ष की रही है उसको सामने रखते हुए सफल संचालन करे।



**-शकील अहमद पत्रकार**
**बिजनौर**

# लंबित प्रकरणों का जल्द करें निस्तारण, मामलों को न लटकायें अकारण

## उद्योग बंधुओं की बैठक में डीएम ने दिये निर्देश




**बिजनौर ( चिंगारी )।** डीएम जसजीत कौर ने निवेश मित्र पोर्टल पर लम्बित विभागीय प्रकरणों को जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति एवं व्यापार बंधु की बैठक में डीएम जसजीत कौर ने एमओयू क्रियान्वयन तंत्र की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में हस्ताक्षरित 285 एमओयू के सापेक्ष जीबीसी के लिए 119 तैयार हैं, 87 में व्यावसायिक उत्पादन शुरू हो चुका है, 32 पेंडिंग जबकि 27 एमओयू निर्माणाधीन एवं प्रगति पर हैं। समीक्षा करते हुए संज्ञान में आया कि एमओयू के अंतर्गत क्रियाशील औद्योगिक यूनिटों में लगभग 56500 लोगों को रोजगार प्राप्त हो चुका है। पीएम विश्वकर्मा योजना की समीक्षा करते हुए डीएम ने पाया कि पोर्टल पर कुल 578 आवेदन परिषद प्रदर्शित है जिनमें से 227 का प्रथम स्तरीय सत्यापन किया जा चुका है, जबकि 108 का द्वितीय स्तरीय सत्यापन पूर्ण हो चुका है तथा 85 आवेदन पत्रों पर तृतीय स्टार की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। बैठक में जीएसटी, उद्योग, खादी ग्राम उद्योग, पंचायत राज, खाद्य सुरक्षा विभाग, पशु पालन विभाग, विद्युत विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी तथा उद्योग एवं व्यापार बंधु मौजूद रहे।

## व्यापार मंडल ने ओवर ब्रिज का मुद्दा उठाया, नगीना रोड की हालत से भी अवगत कराया

जिला उद्योग बंधु एवं व्यापार बंधु की बैठक में उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बिजनौर में नगीना रोड पर ओवर ब्रिज का मुद्दा पुनः उठाया। कहा कि तीन दिन पूर्व व्यापार मंडल के पदाधिकारी प्रांतीय उपाध्यक्ष रजनीश अग्रवाल के नेतृत्व में स्टेशन अधीक्षक बिजनौर से मिले थे। जिन्होंने बताया कि ओवर ब्रिज मंजूर हो चुका है, लेकिन कार्य रुका हुआ है। डीएम ने आश्वासन दिया कि इस विषय में रेलवे के मुरादाबाद मंडल को पत्र भेजकर स्थिति स्पष्ट करायी जायेगी। इसी के साथ व्यापारियों ने बिजनौर-नगीना रोड की खराब हालत की ओर भी डीएम का ध्यान आकृष्ट कराया। बताया कि सड़क में गहरे गडढे हो गये हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है और दुर्घटना का खतरा हर समय बना रहता है। डीएम ने निर्माण एजेंसी के साथ मीटिंग कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा डीएम को जानकारी दी कि नवाब का अहाता स्थित विद्यालय के ऊपर से 33 हजार वोल्ट की लाइन के तार काफी नीचे लटके हुए हैं, जिससे कभी भी कोई गंभीर हादसा हो सकता है। बैठक में विद्युत विभाग के अधिकारी ने बताया कि 2 नवम्बर तक समस्या का समाधान करा दिया जायेगा। बैठक में उद्योग व्यापार मंडल की ओर से प्रांतीय उपाध्यक्ष रजनीश अग्रवाल, जिला महामंत्री मुनीश त्यागी, प्रांतीय संगठन मंत्री बीएस राजपूत, शहर प्रभारी डा. जमीरुददीन उस्मानी मौजूद रहे।

# विद्युत विभाग का लाखों रुपये बकाया, प्रशासन ने शाहनवाज राणा की फैक्ट्री पर ताला लगाया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर सदर सीट से बसपा के विधायक रहे शाहनवाज राना की यहां शहर से सटे ग्राम मुस्तफाबाद स्थित डासना स्टील प्रा.लि. फैक्ट्री को प्रशासन ने कुर्क कर लिया। उक्त फैक्ट्री पिछले काफी समय से बंद पड़ी थी। कुर्की की कार्रवाई विद्युत विभाग का 13,57,594 रुपया अदा न करने पर की गई है।

सोमवार की शाम को एसडीएम सदर श्रीमती रितु रानी के निर्देश पर सदर तहसीलदार आशीष सक्सेना के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम फैक्ट्री पहुंची और बकाया जमा न करने पर राज्य राजस्व 2006 की धारा 174 के अंतर्गत फैक्ट्री कुर्क करने की कार्रवाई की।

तहसील प्रशासन ने फैक्ट्री पर नोटिस चस्पा किया है, जिसमें लिखा गया है भूमि गाटा संख्या 930 रकबा 1.122 का 1/2 भाग 05610 की कुर्की की जा चुकी है। उक्त भूमि पर किसी भी प्रकार का कृषि कार्य एवं उक्त भूमि को खुर्द-बुर्द करने अथवा विक्रय किया जाना दंडनीय अपराध होगा। शाहनवाज राना की इस फैक्ट्री के डायरेक्टर स्वयं शाहनवजा राना हैं, जबकि ग्राम तरीकमपुर रूपचंद निवासी खालिद इसके प्रोपराइटर हैं। यह भी उल्लेखनीय है कि फैक्ट्री का नाम विद्युत विभाग के टॉप 10 बकायादारों में शामिल है।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# बिना टिकट पकड़े गये

**बिजनौर ( चिंगारी )।** देर शाम नगीना से बिजनौर आ रही बिजनौर डिपो की बस में जांच के दौरान नौ सवारियां बिना टिकट पकड़ी गईं, जिससे विभाग में हड़कंप मच गया। सोमवार की देर शाम बिजनौर डिपो की बस संख्या 9290 नगीना से सवारियां लेकर बिजनौर आ रही थी। परिचालक विशाल कुमार है। गांव रोशनपुर के करीब एआरएम बिजनौर अशोक कुमार व एटीआई बिजनौर राजेश कुमार ने बस को रोककर चैकिंग की। जांच के दौरान बस में 47 सवारियां थी, जिसमें नौ सवारियां बिना टिकट मिली। यात्रियों ने बताया कि परिचालक ने पैसे लेने के बाद भी उनको टिकट नहीं दिये। जिस पर एटीआई राजेश कुमार ने नौ सवारियों पर डब्लूटी लिखी है। एआरएम अशोक कुमार ने बताया कि परिचालक के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# गन्ना हाथ में लेकर सड़कों पर उतरे किसान, मांगा 500 रुपये रेट और बकाया भुगतान



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति के कार्यकर्ताओं ने अपने हाथों में गन्ना लेकर प्रदर्शन किया। किसानों ने गन्ने का भाव 500 रुपये कुंतल करने की मांग की। इस संबंध में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

यूनियन के कार्यकर्ता सोमवार को अपने हाथों में गन्ना लेकर बिजनौर पहुंचे तथा गन्ना विकास समिति परिसर में एकत्र हुए। वहां से प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा गन्ना मूल्य में वृद्धि सहित विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। ज्ञापन में कहा गया कि कई सालों से गन्ना मूल्य वृद्धि के नाम पर किसानों को छला गया है। इस बार गन्ने का दाम 500 रुपये कुंतल होना चाहिए। इसी के साथ गन्ने की घटतौली रोकने तथा बिलाई शुगर मिल पर बकाया भुगतान शीघ्र कराने की मांग की गई।

इस अवसर पर भाकियू लोकशक्ति के जिलाध्यक्ष चौ. वीर सिंह सहरावत, चौ. पदम सिंह, सतवीर सिंह, डा. अरुण कुमार, देवेन्द्र प्रधान, शीशपाल सिंह, शेर सिंह, मूला सिंह, शहजाद, नीटू राणा, मोनिका चौधरी, मधू रानी, भूपेंद्र सिंह आदि रहे।

# युवकों में रील बनाने का ट्रेंड गुंडागर्दी का रूप ले रहा

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के कुछ युवकों में रील बनाने का ट्रेंड अब गुंडागर्दी का रूप ले रहा है। जिसमें कुछ युवा नजीबाबाद के पत्थरगढ़ व नवाब नजीबुद्दौला के किले के सामने खड़े होकर दबंगई दिखाते हुए गाली गलौज व अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए दूसरे ग्रुप के युवकों को खुलेआम धमकी व किले पर आने की चेतावनी दे रहे है। यह कृत्य न सिर्फ आपत्तिजनक है, बल्कि सार्वजनिक स्थान पर अभद्रता है व ऐतिहासिक धरोहर का भी अपमान है। लोगों का कहना है कि प्रशासन को इस वायरल वीडियो का संज्ञान लेकर ऐसे युवकों के खिलाफ कार्रवाई करनी चाहिए, जो सोशल मीडिया पर गंदगी फैला रहे हैं व खुलेआम गुंडागर्दी व माहौल खराब करने का काम कर रहे है। नगर के कुछ युवा लगातार व्यूज व पैसे कमाने के लालच में इंस्टाग्राम फेसबुक, यूट्यूब पर रील बनाकर वायरल कर रहे है। ताकि वो मशहूर हो सके, कुल मिलाकर कहा जाए तो युवकों में इस समय रील बनाने का भूत सा चढ़ा हुआ है। मुंह पर कपड़ा बांधे युवा रील बनाकर उसमें गंदी गंदी गाली, अभद्र भाषा का प्रयोग भी कर रहे है, साथ ही ग्रुप बनाकर लड़ाई झगड़े करने में भी पीछे नहीं है। एक ऐसी ही शॉर्ट वीडियो रील अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। यह रील चर्चा का विषय बनी है। ऐतिहासिक धरोहरों पर जाकर कुछ युवकों के रील बनाने व अभद्र भाषा का प्रयोग करने के मामले में सीओ नितेश प्रताप सिंह ने मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ जल्दी कार्रवाई कराने की बात कही है।


किले पर रील बनाते युवक व मौके पर जमा भीड़।

# टैंकर चालक की दौरा पड़ने से जमीन पर गिरकर मौत

नजीबाबाद ( चिंगारी )। क्षेत्र के आदर्शनगर स्थित तेल डिपो से पेट्रोलियम पदार्थ लेकर जा रहे एक टैंकर चालक की अचानक दौरा पड़ने से जमीन पर गिरकर मौत हो गई। सूचना पर नजीबाबाद पुलिस मौके पर पहुंची। आदर्शनगर लालूवाला धनौरा में स्थित पेट्रोलियम डिपो से प्रतिदिन सैकड़ों टैंकर में पेट्रोलियम पदार्थ लेकर यूपी, उत्तराखंड के विभिन्न जनपदों में जाते है। सोमवार को एक चालक टैंकर तेल भरकर ले जा रहा था। इसी दौरान वह अचानक गिर गया, लोग ने उसे उठाकर अस्पताल ले गए जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि योगेश पुत्र मूलचन्द निवासी कोतवाली देहात को दौरा पड़ा था, तभी उसने दम तोड़ दिया था। सूचना मिलते ही आदर्श नगर चौकी प्रभारी नरेंद्र शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने शव को कब्जे में लेते हुए पीएम के लिए बिजनौर जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने परिजनों को भी घटना के बारे में सूचना दी। सूचना के बाद परिजन भी रोते बिलखते हुए नजीबाबाद पहुंचे। परिजनों के अनुसार मृतक चालक योगेश की उम्र 25 वर्ष थी, उसे दौरे पड़ते थे और दौरा पड़ने से ही उसकी मौत हो गई। इस संबंध में आदर्शनगर चौकी प्रभारी नरेंद्र शर्मा ने बताया कि दौरा से चालक योगेश की मौत हो गई है।

# भाकियू प्रधान ने भटौली में जनता की समस्याएं सुनी



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन (प्रधान) के मंडल मीडिया प्रभारी रामोद कुमार ने ग्राम भटौली में ग्रामीणों की विभिन्न समस्याएं सुनकर उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस मौके पर ग्रामीणों ने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं सड़क, बिजली, पानी व किसानों की परेशानियों को प्रमुखता से उठाया। बैठक के दौरान संगठन पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने नजीबाबाद ब्लॉक के वार्ड नंबर 5 से जिला पंचायत सदस्य के चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा कर आगामी रणनीति तय की। मंडल मीडिया प्रभारी ने कहा कि संगठन मजबूत रूप से चुनाव मैदान में उतरेगा व जनता के मुद्दों को प्राथमिकता देगा। इस अवसर पर डॉ. नरदेव सिंह, कालेन्द्र चौधरी, रणजीत सिंह, प्रमोद कुमार, जगदीश प्रसाद, तारा सिंह प्रजापति, करण सिंह सहित अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सूचना

मेरा पुत्र मोहित कुमार व उसकी पत्नी गुड़िया मेरा व मेरे परिवार का कहना नहीं मानते हैं। इसलिए मैने दिनांक 27-10-2025 को अपने पुत्र मोहित कुमार व पुत्रवधू गुड़िया से अपने रिश्ते नाते खत्म कर उन्हें अपनी समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। यह दोनों अपने किसी भी प्रकार के लेनदेन व कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-अशोक कुमार पुत्र रनवा सिंह, निवासी ग्राम औरंगाबाद उर्फ हुसैनपुर, थाना किरतपुर, तहसील नजीबाबाब, जिला बिजनौर**

# शनिवार को भक्तिभाव से मनाया जायेगा श्री खाटूश्याम का जन्मोत्सव

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** यहां स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में आगामी शनिवार की रात्रि भगवान श्री खाटू श्याम जी का पावन जन्मोत्सव बड़े ही श्रद्धा, उल्लास और भक्ति भाव के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए व्यवसायी रजत अग्रवाल ने बताया कि हारे के सहारे कहे जाने वाले श्याम बाबा का जन्मोत्सव प्रतिवर्ष कार्तिक शुक्ल पक्ष की देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर मनाया जाता है। इस दिन श्रद्धालु भगवान श्याम जी के जयघोषों से वातावरण को भक्ति रस में रंग देते हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान श्री खाटू श्याम जी महाभारतकालीन पांडव पुत्र भीम और राक्षसी हिडिंबा के पौत्र हैं। इनके पिता वीर घटोत्कच तथा माता मोरवी थीं। भगवान श्याम जी का वास्तविक नाम बर्बरीक था जो उन्हें उनके सिंह के समान घने और सुनहरे केशों के कारण दिया गया था। उन्होंने बताया कि महाभारत युद्ध से पूर्व जब बर्बरीक ने युद्ध में भाग लेने की इच्छा जताई तब भगवान श्रीकृष्ण ने उनकी अद्भुत शक्ति और असीम भक्ति को देखकर उन्हें वरदान दिया कि कलियुग में वे उनके ही नाम से पूजे जाएंगे। इसी वरदान के फलस्वरूप आज भक्तजन उन्हें भगवान श्री खाटू श्याम जी के रूप में हारे के सहारे कहकर स्मरण करते हैं।



# नवेद फरीदी बिहार चुनाव के लिए पर्यवेक्षक बनाए गए

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ( व्यापार प्रकोष्ठ-पश्चिमी जोन ) के चेयरमैन विनोद बंसल ने उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय के निर्देशानुसार बिहार से इण्डिया गठबन्धन के विधानसभा प्रत्याशियों के समर्थन में व्यापार प्रकोष्ठ की कमेटी गठित की है। यह कमेटी बिहारी के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापारियों के बीच जाकर समर्थन प्राप्त करने का प्रयास कर इण्डिया गठबन्धन के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करेंगी। इस कमेटी में नजीबाबाद के मौहल्ला जाब्तागंज निवासी कांग्रेस व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मौहम्मद नवेद फरीदी को बिहार की बरारी विधानसभा क्षेत्र का पर्यवेक्षक बनाया गया है।**

# सांसद ने किया ऑल इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

नजीबाबाद (चिंगारी)। फजलपुर हबीब में चौधरी चरण सिंह ऑल इंडिया कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें खिलाड़ियों ने अपना हुनर दिखाया। प्रतियोगिता का शुभारंभ आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने किया। कबड्डी प्रतियोगिता में कई प्रदेशों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस मौके पर नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने खिलाड़ियों की प्रतिभाओं को उजागर करने के लिए एक इंटरनेशनल स्टेडियम बनवाने की घोषणा की। कबड्डी प्रतियोगिता में नजीबाबाद नगर पालिका के अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम खान, एडवोकेट फहीम अंसारी के साथ भीम आर्मी के काफी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद सांसद चंद्रशेखर आजाद।

# मास्टर तनवीर अहमद लाइफ टाइम अवार्ड से सम्मानित

नजीबाबाद (चिंगारी)। कौमी उर्दू शिक्षक कर्मचारी संघ की शिक्षा उन्नयन गोष्ठी का आयोजन गालिब एकेडमी हजरत निजामुद्दीन पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता चौधरी वासिल अली गुर्जर एवं संचालन आबिद खान ने किया। गोष्ठी में वक्ताओं ने उर्दू, हिन्दी व स्वदेशी भारतीय भाषाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं प्रयोग करने की अपील की। इस मौके पर देशभर के परिषदीय शिक्षकों के लिए शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) अनिवार्य किए जाने के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन की रणनीति तैयार की गई। पुरानी पेंशन बहाल करने की मांग की गई। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि हाजी नौशाद खान डायरेक्टर अल अफरोज कैटर्स दिल्ली ने कहा कि उर्दू जुबान बेहद मीठी जुबान है, यह हमारी स्वदेशी भारतीय भाषा है, इसकी उन्नति के लिए हमें हरसंभव कोशिश करनी चाहिए। अगर हम अपनी भाषा की हिफाजत करेंगे तब ही अपनी तहजीब को जिन्दा रख पायेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि चौधरी वासिल अली गुर्जर ने उर्दू शिक्षकों को लाइफ टाइम अवार्ड, शॉल ओढ़ाकर व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। संचालन इम्तियाज रफीक व आबिद खान हमीद खान ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर मास्टर तनवीर अहमद निवासी अदब सिटी कालोनी नजीबाबाद को भी लाइफ टाइम अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शाहीन तनवीर मैडम, प्रोफेसर इम्तियाज रफीक नासिक, मौहम्मद अरीब, मौहम्मद दाऊद, अब्दुल गनी नांदेड़ मौहम्मद इस्माइल अहमद नांदेड़ आबेद खान, हमीद खान नांदेड़ मौहम्मद जैनुल आबेदीन मुंबई, सैय्यद महताब इब्राहिम महाराष्ट्र, मौहम्मद वसीउददीन तेलंगाना आदि शामिल रहे।


उर्दू शिक्षकों को सम्मानित करते हुए।

# जिकरीवाला में फंदे पर लटका मिला युवक का शव





मृतक का फाइल फोटो।

अफजलगढ़ (चिंगारी)। ग्राम जिकरीवाला निवासी मुनेश (28 वर्ष) पुत्र मुरारी का शव उसके ही कमरे में फंदे पर लटका मिला। परिजनों द्वारा घटना की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक का अपनी पत्नी और ससुराल पक्ष से कुछ समय से विवाद चल रहा था। आशंका व्यक्त की जा रही है कि उसी विवाद के चलते युवक ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया है। बताया जाता है कि मृतक का विवाह लगभग आठ वर्ष पूर्व थाना क्षेत्र रामपुर के ग्रामवासी में हुआ था और उसकी दो पुत्रियां भी हैं। थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

# छत पर अजगर को घूमते देख महिला की चीख निकली



छत पर स्थित दीवार पर चढ़ता अजगर।

नांगल सोती (चिंगारी)। ग्राम खानपुर में एक महिला छत पर उपले लेने के लिये गयी, तो वहां काफी बड़े अजगर को देखकर उसकी चीख निकल गयी। गांव के एक साहसी युवक ने अजगर को पकड़कर बोरी में बंद किया, जिसे बाद में वनकर्मियों ने आरक्षित वन क्षेत्र में ले जाकर छोड़ दिया। नांगल के सीमावर्ती ग्राम खानपुर के निवासी ओमप्रकाश की पत्नी आज सुबह लगभग साढ़े छह: बजे चूल्हे में आग जलाने को मकान की छत पर उपले लेने गयी थी, वहां काफी बड़ा अजगर घूम रहा था। अजगर को देखकर महिला की चीख निकल गयी और वो दौड़कर तुरंत नीचे आ गयी। परिजन एकत्रित होकर छत पर पहुंचे और शोर मचाया, तो अजगर छत पर स्थित दीवार पर चढ़कर पड़ोसी राधेश्याम सिंह की छत पर पहुंच गया। मौके पर काफी ग्रामीण एकत्रित हो गये। घंटों अजगर छतों पर इधर से उधर घूमता रहा। बाद में गांव के एक साहसी युवक जितेन्द्र उर्फ कल्लू ने अजगर को पकड़कर बोरी (कट्टे) में बंद कर लिया। तब जाकर ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। 8 बजे वन विभाग की राजगढ़ रेंज के वन दरोगा शुभम कुमार, वन रक्षक शिवम एवं मौ. इरफान, दैनिक कर्मचारी यशवीर आदि मौके पर पहुंचे और कट्टे में बंद अजगर को राजगढ़ ले जाकर आरक्षित वन क्षेत्र में छोड़ दिया।

# एसडीएम व सीओ ने लिया मेले की तैयारियों का जायजा



गंगा स्नान मेले के लिये बाहे पर बन रहे रास्ते को देखते एसडीएम, सीओ आदि

नांगल सोती (चिंगारी)। कार्तिक पूर्णिमा पर स्थानीय गंगा घाट पर लगने वाले पौराणिक गंगा स्नान मेले की तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं। मेला समिति ने गंगा घाट तक पहुंचने वाले लगभग 5 किमी. लम्बे मार्ग को समतल कराने एवं रेतीले मार्ग पर बींडा डालने का कार्य शुरू करा दिया है। इसके अलावा गंगा की प्रथम धारा के नजदीक पड़ने वाले बाहे पर मिट्टी डालकर जेसीबी द्वारा मार्ग बनाया गया है। सोमवार को एसडीएम नजीबाबाद शैलेन्द्र कुमार सिंह एवं क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह बाहे पर बनाये जा रहे मार्ग का निरीक्षण करने पहुंचे और मेला समिति को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मेला संयोजक तपराज सिंह देशवाल एवं समिति सदस्य वीरेन्द्र शर्मा ने बताया कि जेसीबी की मदद से रास्ते को वाहनों के लिये सुविधाजनक बनाया जा रहा है। बाहे पर मार्ग का निर्माण करा दिया गया है। गंगा घट्टी एवं मेला स्थल पर साफ-सफाई कराई जा रही है। पथ प्रकाश, कैम्प एवं अस्थायी दुकानों के निर्माण, महिला स्नान घाट निर्माण, पेयजल व्यवस्था के साथ-साथ अन्य सभी व्यवस्थाओं को पूरा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि श्रद्धालुओं को पहले से बेहतर सुविधायें उपलब्ध कराई जायेंगी। कार्तिक गंगा स्नान मेले का शुभारम्भ 3 नवंबर को होगा। मुख्य गंगा स्नान 5 नवम्बर को है। दो दिवसीय गंगा स्नान मेले का समापन 6 नवम्बर को होगा। स्थानीय गंगा स्नान मेले में सैकड़ों गांवों के श्रद्धालु पहुंचते हैं।

# फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी के बच्चों ने किक बॉक्सिंग में जीते कई मेडल



नूरपुर (चिंगारी)। किक बॉक्सिंग एसोसिएसन मुजफ्फरनगर के तत्वावधान में 26 अक्टूबर को आर्य एकेडमी इंटरनेशनल स्कूल में खेलो इंडिया अस्मिता किक बॉक्सिंग लीग का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में फ्यूचर चिल्ड्रन एकेडमी नूरपुर के खिलाड़ियों ने कोच आरती के मार्गदर्शन में भाग लिया। विद्यालय के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग करते हुए दो गोल्ड,चार सिल्वर मैडल अपनी वैट कैटेगरी में जीते। प्रतियोगिता में खुशी व प्रज्ञा ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि काव्या, शिशु चौहान, प्रांजुल व वैष्णवी राजपूत द्वितीय स्थान पर रही। कोच आरती ने भी गोल्ड मैडल जीता। सभी खिलाड़ियों एवं कोच आरती को प्रबंधक संघर्ष चौहान एवं प्रधानाचार्य अश्विन कुमार शर्मा ने सम्मानित किया। प्रधानाचार्य अश्विन शर्मा ने बताया कि गोल्ड मैडल जीतने वाले खिलाड़ी आने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# सट्टे की पर्ची व अवैध शराब के साथ पकड़ा

नांगल सोती (चिंगारी)। थानाध्यक्ष सतेन्द्र मलिक ने बताया कि संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की चैकिंग के दौरान सराय आलम की नहर पुलिया से मुर्सलीन पुत्र मुन्ने निवासी ग्राम शहजादपुर थाना नांगल को सट्टे की पर्ची, पेन व 260 रूपये के साथ गिरफ्तार किया गया। सट्टे की खाईबाड़ी करने के अपराध में उसके विरुद्ध जुआ अधिनियम की धारा 13 के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि इसके अलावा बिजेन्द्र पुत्र चन्दर निवासी ग्राम जीतपुर थाना नांगल को 20 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। जबकि वारंटी घनश्याम पुत्र शंकर निवासी ग्राम व थाना नांगल को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# भाकियू थाने पर धरना दिया, तब पुलिस ने मुक़दमा दर्ज किया



थाना परिसर में धरनारत भाकियू के कार्यकर्ता।

नूरपुर (चिंगारी)। थाना क्षेत्र किरतपुर के गांव नरुलापुर उर्फ छोटा पेमार निवासी नरपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसने अपनी बेटी दीपा की शादी करीब दो वर्ष पूर्व कस्बे की लक्ष्मीनगर कालौनी निवासी अनुज कुमार पुत्र ओमकार सिंह के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही उसका पति उसके साथ मारपीट करता रहता है। रात समय करीब ग्यारह बजे आरोपी अनुज व उसके पिता ओमकार सिंह ने उसकी बेटी के साथ गाली गलौच करते हुए मारपीट की तथा गला दबाकर उसकी हत्या करने का प्रयास किया। सूचना पर मायके वाले उसके घर पहुंचे तो अनुज व उसके पिता ओमकार सिंह ने उनके साथ भी गाली गलौच करते हुए धक्का-मुक्की की। रात में ही घटना की सूचना पुलिस को दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। इसके बाद पीड़िता के मायके वालों ने रात्रि करीब दो बजे घटना की सूचना भारतीय किसान यूनियन टिकैत के ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी अमरपाल सिंह को दी। चौधरी अमरपाल सिंह के नेतृत्व में यूनियन के कार्यकर्ताओं ने थाना परिसर में धरना शुरू कर दिया। धरनास्थल पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह द्वारा आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने के आश्वासन पर सुबह सात बजे धरना समाप्त किया गया। धरनास्थल पर चौधरी अमरपाल सिंह, मास्टर देवेन्द्र सिंह, लक्ष्मीकांत शर्मा, मोनू चौधरी, कफ़ील सैफ़ी, प्रशान्त चौधरी, दुष्यंत यादव, भूरे सिंह, शमशेर अली, दिग्विजय सिंह, अशोक धनकड़, मनीष धनकड़ समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले का शुभारंभ

**नैनीताल ( चिंगारी )।** सोमवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद टिहरी गढ़वाल पहुंचकर नौ दिवसीय 49वें श्री कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले का ध्वजारोहण कर शुभारम्भ किया। इसके साथ ही उन्होंने विकास प्रदर्शनी का उद्घाटन, विभिन्न विभागों द्वारा स्थापित स्टालों का निरीक्षण तथा अमर शहीदों की मूर्तियों एवं स्वतंत्र संग्राम शहीद स्मारक पर मल्यार्पण किया।

मुख्यमंत्री धामी ने सभी को मेले की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां कुंजापुरी का आशीष एवं कृपा दृष्टि हम सब पर बनी रहे। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक मेला लोक आस्था, सांस्कृतिक विरासत और गौरवशाली परंपरा का प्रतीक




है। 1974 से निरंतर आयोजित किया जा रहा यह मेला व्यापार, क्षेत्रीय विकास और पर्यटन को गति प्रदान करने वाला है। भारत की पहचान, उसकी सनातन संस्कृति और जीवन मूल्यों पर छिपी हुई है। हमारी संस्कृति केवल रीति रिवाज का विषय नहीं है एक सकारात्मक दिशा देने वाले विचारधारा है, जो हमें नए-नए तरीके से प्रेरित करने का काम करती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पलायन सबसे बड़ी समस्या है, इसे रोकने, स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण योजना पर कार्य किया जा रहा है। हाउस ऑफ हिमालय ब्रांड के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को देश-विदेश में व्यापक पहचान मिल रही है। फार्म मशीनरी बैंक, फिल्म नीति, एप्पल मिशन, होमस्टे आदि नीतियों के माध्यम स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं।

इस अवसर पर प्रदेश के वन, तकनीकी शिक्षा, भाषा एवं निर्वाचन एवं संसदीय कार्य मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि माँ कुंजापुरी मेला हमारी संस्कृति, परंपरा को आगे बढ़ाने के साथ ही देश प्रदेश की संस्कृति से रूबरू होने के लिए बड़ा मंच उपलब्ध कराता है। यह मेला सभी के सहयोग से निरंतर खेल एवं विकास के ओर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष तपोवन विनीता बिष्ट, ब्लॉक प्रमुख नरेंद्रनगर दीक्षा राणा, मेयर नगर निगम ऋषिकेश शंभू पासवान, जिलाध्यक्ष भाजपा उदय रावत, नगर पंचायत अध्यक्ष गजा कुंवर सिंह चौहान, डीएम टिहरी नितिका खण्डेलवाल, एसएसपी आयुष अग्रवाल सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## पृथ्वीराज चौहान इंस्टीट्यूट में लगाया गया छात्राओं के लिए जागरूकता शिविर

**धामपुर ( चिंगारी )।** पृथ्वीराज चौहार इन्स्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नोलॉजी चकराजमल धामपुर (बिजनौर) में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के अन्तर्गत छात्राओं के लिए स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त नागरिक बनने की दिशा में प्रेरित करना है। मिशन शक्ति फेज-5 के तहत 30 दिवसीय विशेष कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, जिनमें महिला स्वास्थ्य सुरक्षा, सशक्तिकरण और स्वावलंबन से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम शामिल हैं। इन कार्यक्रमों का लक्ष्य छात्राओं में स्वास्थ्य जागरूकता आत्मनिर्भरता और सामाजिक सशक्तिकरण की भावना विकसित करना है। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य, पोषण और महिला स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में संस्थान के प्रबंधक श्री मयंक कुमार, कोषाध्यक्ष श्री देवेश कुमार प्राचार्य डॉ. आर.पी. सिंह के साथ ही कार्यक्रम अधिकारी डॉ. टी.पी. सिंह, एवं समस्त शिक्षकगण एवं शिक्षणोत्तर कर्मचारीगण ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज करायी और अपने-अपने विचार रखे।

## महिलाओं ने उगते सूर्य को अर्ध्य देकर किया व्रत का पारायण

**जसपुर ( चिंगारी )।** नहाये खाये के साथ प्रारम्भ हुए पूर्वांचल के पवित्र त्योहार छठ पूजा पर आज सुबह उगते सूर्य को अर्ध्य देकर महिलाओं ने अपने व्रत का पारायण किया। इससे पहले रविवार शाम को महिलाओं ने अस्त होते सूर्य की भी फल एवं मिष्ठान के साथ पूजा अर्चना की। इस पर्व पर करीब 36 घंटे तक महिलाओ ने व्रत रखा। बता दें कि नादेही चीनी मिल और सूत मिल क्षेत्र में पूर्वांचल के करीब 90 परिवार निवासरत हैं।



छठ पर्व को पूर्वांचल का बड़ा त्योहार माना जाता है। गुरुवार को नादेही मिल की कॉलोनी में निवासरत कर्मचारियों के परिजनों ने छठ मईया को सजाया और जल का अर्ध्य देने के लिये पानी के गड्ढे की सफाई की। वहीं, सूत मिल के लोगों ने तालाब की सफाई कर पानी की व्यवस्था की। महिलाओं ने फल, फूल, पकवान और गन्ने के साथ पूजन प्रारम्भ किया। सूर्य अस्त के समय पूजा अर्चना की। देर रात तक भजन कीर्तन होते रहे। आज सुबह महिलाओं ने सूर्य उदय से पहले पानी में खड़े होकर सूर्य को अर्ध्य दिया तथा व्रत का पारायण किया। साथ ही अपनी संतानों की दीर्घायु की कामना की। यहां जगलाल यादव, वशिष्ट यादव, अरुण कुमार, मंजीत, मोहित गुप्ता, रंगलाल यादव, संजीत, रंजीत, यादोलाल, राघव, रेनू यादव, उषा यादव, ममता, सुनीता आदि मौजूद रहे।

## आवश्यक सूचना

मेरी एक खेती की जमीन ग्राम छिल्लौर बांगर, चांदपुर रोड, तहसील बिजनौर स्थित गाटा संख्या 115, 118 और 119 (कुल क्षेत्रफल 0.918 हेक्टेयर) है। जो मैंने 1997 में अतहर सिद्दीकी, इरशाद अतहर सिद्दीकी, नौशाद अतहर सिद्दीकी व शादाब अतहर सिद्दीकी से बैनामा करा कर अज़रा परवीन पत्नी रफत उमर के नाम खरीदी थी। जिसका चकबंदी से दाखिल खारिज है। कुछ शरारती तत्व इस जमीन पर नजरे गाड़े बैठे है और तरह-तरह की हरकत कर रहे हैं। इसलिए सूचित किया जाता है कि वर्तमान में भी यह जमीन अज़रा परवीन की है, और भविष्य में भी अज़रा परवीन की ही रहेगी। कोई भी व्यक्ति इसका खरीद फरोख्त न करे, अगर कोई ऐसा करता है, तो स्वयं जिम्मेदार होगा। **-अज़रा परवीन पत्नी रफत उमर, निवासी बिजनौर।**

**दिनांकः- 28-10-25**

## त्रिवेणी घाट पर हुआ छठ पूजा का आयोजन




**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** तीर्थ नगरी ऋषिकेश में सार्वजनिक पूजा समिति त्रिवेणी घाट ऋषिकेश द्वारा भव्य 31वें छठ पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें शहर व ग्रामीण के पूर्वांचल समाज के लोग छठी मैया का आशीर्वाद लेने एवं मां गंगा के आंचल से सूर्य देव को अर्ध्य देने के लिए एकत्रित हुए। छठ का व्रत सबसे कठिन व्रतों में से एक है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हरिद्वार के सांसद पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत, समिति के अध्यक्ष राम कृपाल गौतम, नगर निगम ऋषिकेश के महापौर शम्भु पासवान, देहरादून के पूर्व महापौर सुनील उनियाल गामा, ऋषिकेश भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेंद्र तड़ियाल, नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष ललित मोहन मिश्रा, जिला महामंत्री भाजपा प्रतीक कालिया, प्रदीप दुबे, दीनदयाल राजभर आदि उपस्थित थे।

## हरिपुर कलां में 30 वर्षों के उपरांत पुनः हुआ रामलीला मंचन का शुभारंभ

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** ग्राम सभा हरिपुर कलां स्थित गोल कोठी प्रांगण में रामलीला का विधिवत शुभारंभ किया गया। आयोजकों ने ऐतिहासिक रामलीला मंचन लगभग 30 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पुनः आरंभ किया है। आयोजन के दौरान भारी संख्या में ग्राम सभा वासी एवं रामलीला कमेटी के सदस्य भावुक नजर आये।



रामलीला मंचन का भव्य शुभारंभ मुख्यातिथि भारत माता मन्दिर के महंत एवं निरंजनी अखाड़े के महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरि महाराज, विशिष्ट अतिथि समाज सेवी डॉ राजे नेगी एवं कमेटी के पदाधिकारीगणों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कमेटी के सदस्यों द्वारा उन सभी दिवंगत महापुरुषों का स्मरण किया गया जिन्होंने पूर्व में इस रामलीला कमेटी को संचालित किया था। इनमें स्वर्गीय सत्य प्रकाश ग्वाड़ी, स्व. आचार्य बुद्धिबल्लभ, स्व. चंडी प्रसाद डबराल तथा स्व. महानंद ज़ख्मोला सहित अन्य अनेक श्रद्धेय जनों के नामों का भावपूर्ण स्मरण किया गया। मुख्या अतिथि महामंडलेश्वर स्वामी ललितानंद गिरि ने कहा कि रामलीला का आयोजन सांस्कृतिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम सभी को राम के जीवन से जुड़ी नैतिक शिक्षाओं पर जोर देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन रामलीला कमेटी के सदस्यों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। संरक्षक मंडल में चंद्र मोहन ग्वाड़ी, सर्वेश गौड़, उमाकांत ध्यानी, मनोज शर्मा जे.एम.डी. सुशील ठाकुर द्विजेंद्र वल्लभ, गोकुल डबराल, कमलेश कांडपाल, दिनेश थपलियाल, हिमांशु जुयाल, डॉ राजेंद्र बडोनी, जितेंद्र मोहन ग्वाड़ी, राजेंद्र भट्ट, दीपक पंत, सुंदरलाल गौड़, सचिन गौड़, आनंद रणकोटी, राम सिंह रावत, मुरली मनोहर कंडवाल, मनोज कंडवाल, सुनील जुगरान, धर्मेंद्र ग्वाडी लकी राजा, पुनीत मल्होत्रा, शुभम नौटियाल आदि उपस्थित रहे।

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग प्रखण्ड–बिजनौर।

पत्रांक 1475 /ग्रा0अ0वि0/निविदा/2025–26 दिनांक –13.10.2025

–:: ई0 निविदा सूचना ::–

1 महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–बिजनौर द्वारा निम्नलिखित कार्य की प्रतिशत दर पर निविदा आमन्त्रित की जाती है। निम्न कार्य के लिए ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग में क्लास ए0बी0सी0 एंव डी0 श्रेणी में पंजीकृत अर्ह ठेकेदार ही निविदा डालने हेतु अधिकृत होगें। निविदादाता किसी एक अथवा समस्त कार्यो की निविदा डाल सकता है। निविदादाता से अपेक्षा की जाती है, कि निविदा डालने से पूर्व निविदा प्रपत्र में अंकित न्यूतम अर्हता एवं शर्तों के सम्बन्ध में जानकारी कार्यालय से की जा सकती है।

| | क्र0सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत जी0एस0टी0 सहित (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र मूल्य रू0 में | कार्य पूर्ण करने का समय | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | जिला अधिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| विधायक निधि–नीगना (स्वीकृति/धनराशि की प्रत्याशा में।) | | | | | | | | | |
| 1 | बिजनौर | ग्राम रोशनपुर प्रताप में जोगेन्द्र के दुकान से जगगन के मकान की ओर सी0सी0 निर्माण कार्य। | 18.059 | 0.37 | 854.00 | 4 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| 2 | बिजनौर | ग्राम मुस्सेपुर में मास्टर कामिल के मकान से मस्जिद वाले तिराहे से होते हुए मेराज के मकान की ओर एवं कामिल मास्टर के मकान से अतीक के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 16.448 | 0.33 | 854.00 | 4 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| 3 | बिजनौर | ग्राम महेशपुर उर्फ हीरावाली में शाहिद के मकान से नासिर के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 10.347 | 0.21 | 854.00 | 4 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| 4 | बिजनौर | ग्राम बुडपुर नैन सिंह में मामराज की दुकान से भूपेंन्द्र के मकान तक एवं भूपेन्द्र के मकान से कोमल सिंह के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 16.962 | 0.33 | 854.00 | 4 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| 5 | बिजनौर | ग्राम मुबारकपुर खोसा में बल्लन की दुकान से मदरसे तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 13.321 | 0.27 | 854.00 | 4 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| 6 | बिजनौर | ग्राम दुधला में प्राथमिक विद्यालय से पीडब्लूडी रोड तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 10.987 | 0.21 | 854.00 | 4 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| 7 | बिजनौर | ग्राम रगडपुरा में किरपाल के मकान से जगशेद के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 17.226 | 0.35 | 854.00 | 4 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| 8 | बिजनौर | ग्राम बेगमपुर शादी उर्फ रामपुर में मुख्य चौराहे पर जाकिर के मकान सर्वर के मकान तक सी0सी निर्माण कार्य। | 21.805 | 0.43 | 2354.00 | 4 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| 9 | बिजनौर | ग्राम पित्तनहेड़ी झोजा खुर्द में रघुवीर के मकान से मनोज के मकान तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | 10.261 | 0.21 | 854.00 | 4 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| 10 | बिजनौर | कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय कल्लूवाला के परिसर में मिटटी भराव एवं इण्टरलॉकिंग का कर्य। | 18.14 | 0.37 | 854.00 | 4 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| 11 | बिजनौर | कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय महेशपुर (हीरावली) विकास खण्ड कोतवाली के प्रागण में मिटटी भराव एवं इण्टरलॉकिंग का कर्य। | 15.007 | 0.31 | 854.00 | 4 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| 12 | बिजनौर | कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नजीबाबाद नगर ग्राम राहतपुर खुर्द मे इण्टरलॉकिंग का कर्य। | 37.14 | 0.75 | 2354.00 | 4 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |
| 13 | बिजनौर | विकासखण्ड–नजीबाबाद/अफजलगढ़ में गुलदारों से बचाव हेतु पिंजरे क्रय। | 11.40 | 0.23 | 854.00 | 2 माह | विकास भवन बिजनौर | आशियाना कालोनी मुरादाबाद | कलेक्ट्रेट बिजनौर |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः– 24.10.2025 को दोपहर 10.00 बजे से ।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडिंग प्रारंभ करने की तिथि एवं समयः–24.10.2025 को प्रातः 10.00 बजे से ।
4. प्रि बिड मीटिंग की तिथि एवं समयः–30.10.2025 .को प्रातः 11.00 बजे से ।


# टीएफआई लड़ेगा शिक्षक हितों की लड़ाई

## नौ राज्यों के शिक्षक संगठन आए एक साथ

## 21 नवंबर को प्रस्तावित रैली की तैयारी शुरू



बेसिक शिक्षा अधिकारी से वार्ता करते हुए शिक्षकों का प्रतिनिधिमण्डल।

**बिजनौर ( चिंगारी )**। टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (टीएफआई) के बैनर तले शिक्षक हितों की लड़ाई को लड़ा जाएगा। देश के नौ राज्यों के शिक्षक एकजुट हो गए हैं। टीएफआई ने टीईटी की अनिवार्यता के खिलाफ बिगुल बजा दिया है। 21 नवंबर को दिल्ली में रैली करने की घोषणा की है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई ने रैली की तैयारी शुरू कर दी है। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान ने कहा है कि शिक्षक हितों के साथ खिलवाड़ नहीं होने दिया जाएगा।

उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला इकाई की बैठक में जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान ने जिले के शिक्षकों को टीएफआई के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉक्टर दिनेशचंद शर्मा को सर्वसम्मति से टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया का अध्यक्ष चुना गया है। बिहार,उत्तराखंड, झारखंड, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश,राजस्थान, हरियाणा राज्य के शिक्षक संगठन एकजुट होकर शिक्षक हितों की लड़ाई लड़ेंगे। 21 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में टेट की अनिवार्यता के खिलाफ बड़ी रैली की जाएगी। उन्होंने प्रस्तावित रैली की तैयारी अभी से शुरू करने के सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार ने कहा कि संगठन लगातार शिक्षक हितों के लिए कार्य कर रहा है। शिक्षक संघ टेट की अनिवार्यता के खिलाफ सड़क से लेकर न्यायालय तक लड़ाई लड़ रहा है। निश्चित तौर पर शिक्षकों की जीत होनी तय है। उन्होंने जिले के सभी शिक्षकों से प्रस्तावित कार्यक्रम में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया। जिला मंत्री प्रशांत सिंह ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने देश के तमाम राज्यों के शिक्षक संगठनों से वार्ता की। फिलहाल 9 राज्यों के शिक्षक संगठन एकजुट हो गए हैं। सभी शिक्षकों को एकजुट प्रयास करने की जरूरत है।

जिला संगठन मंत्री विपिन कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षकों के साथ अहित नहीं होने दिया जाएगा। डॉ. दिनेशचंद शर्मा के नेतृत्व में शिक्षकों के हितों की लड़ाई को मजबूती के साथ लड़ा जा रहा है। इस मौके पर ब्लॉक इकाई के अध्यक्ष में मंत्रियों ने शिक्षकों की समस्याओं पर भी मंथन किया।

जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान की अध्यक्षता में जिला मंत्री प्रशांत सिंह के संचालन में आयोजित बैठक में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र कुमार, संगठन मंत्री विपिन कुमार शर्मा, संयुक्त मंत्री यशवीर सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष असीम चौहान, श्रीमती तरनजीत कौर मलिक, देवेंद्र कुमार शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी, नितिन चौहान, गर्वित चौधरी, संजय चौहान, अमरदीप सिंह, गुलशन सिंह, गिरीश चौहान, ब्लॉक मंत्री धर्म सिंह, अंकित कुमार, नरेश कुमार सहित कई पदाधिकारियों ने विचार रखे। बैठक के उपरांत जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सचिन कसाना से मिला तथा उन्हें 19 सूत्रीय मांग–पत्र सौंपकर शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की।


5. ई निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समय 24.10.2025 को प्रातः 10.00 बजे से ।
6. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय 13.11.025 को दोपहर 12:00 बजे तक ।
7. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समय 13.11.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे।
8. टेण्डर प्रक्रिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नही होगा ।
9. निविदा ऑन–लाइन वैब साइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साईट पर डाला जायेगा ।
10. उपलब्ध धनराशि के अन्तर्गत कार्य उपयोगिता स्तर तक कराया जायेगा।
11. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–09 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है . जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट http://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड
महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से

(फिरोज दोस्त)
अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग
प्रखण्ड–बिजनौर
*महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से*

R.O.No. 239367 Date: 25-10-2025
UPID.www.upgov.nic.in

# आईएचएमएस के छात्रों ने सीखे जापानी व्यंजन बनाने के गुर

## कालेज में आयोजित हुई जापानी व्यंजनों की कार्यशाला



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) कालेज कोटद्वार में परंपरागत जापानी व्यंजन बनाने की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें होटल मैनेजमेंट कोर्स के छात्रों को पांच सितारा होटल में बनाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के लजीज जापानी व्यंजन बनाने के गुर सिखाए गये।

बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित कॉलेज के सभागार में आयोजित कार्यशाला का कॉलेज के कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी ने शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कालेज में आईटी, मैनेजमेंट कोर्स के अलावा होटल मैनेजमेंट के दो कोर्स एक वर्षीय सीएचएम और तीन वर्षीय डिग्री कोर्स बीएचएम संचालित किया जाता है। कालेज में होटल मैनेजमेंट कोर्स के छात्र-छात्राओं को देश-विदेश के पांच सितारा होटल में नौकरी के लिए तैयार किया जाता है। उसी के तहत विभिन्न देशों के व्यंजन तैयार करना भी सिखाया जाता है।

कार्यशाला में गुरुग्राम के पांच सितारा होटल में कार्यरत जापानी किचन संभाल रहे सीनियर शैफ देवेंद्र रावत ने छात्र-छात्राओं को जापानी व्यंजन पैन केक ऑकोनोमाइकी, एलीटैंपुरा रोल, ऐसपेगेरस रोल, कप्पा माकी, पार्टी रोल, वैज क्वालीफलावर रोल, स्पाइसी अवाकाडो रोल बनाने के गुर सिखाए।

इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक प्रबंधन ले. कर्नल बीएस गुसाईं (सेनि.) प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा, पीआरओ नरेश थपलियाल, होटल मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष असिस्टेंट प्रोफेसर वीरेंद्र आर्य, गुरुदीप सिंह, अंकित कुकरेती, वेद प्रकाश, अखिल कुमार, राहुल गुसाईं, वंदना नेगी आदि मौजूद रहे।

## सर्वेश पवार बने एसएसपी गढ़वाल



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** वर्ष 2019 बेंच के आईपीएस सर्वेश पवार बने पौड़ी गढ़वाल के एसएसपी वह चमोली जनपद से स्थानांतरित होकर आए हैं। पूर्व में देहरादून पुलिस अधीक्षक अपराध तथा पुलिस अधीक्षक यातायात के पद पर तैनात रह चुके हैं। एसएसपी लोकेश्वर सिंह का संयुक्त राष्ट्र से सम्बद्ध संगठन में हुआ है।

## एकतरफा कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दिया ज्ञापन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के देवरामपुर में कुछ दिन पहले हुए विवाद में अनुसूचित जाति के बेकसूर लोगों पर पुलिस द्वारा एकतरफा कार्रवाई करने का विरोध करते हुए उनके साथ न्याय करने की मांग की है। इस संबंध में सोमवार को जिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उपजिलाधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में कहा गया है कि कुछ दिन पूर्व तल्ला मोटाढ़ाक के देवरामपुर में रहने वाले अनुसूचित जाति के लोगों की बस्ती में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पटाखे जलाए जाने और उनके लिए गाली गलौज करने सहित जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने से विवाद पैदा हो गया था। विवाद सुलझाने गई पुलिस ने असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई के स्थान पर अनुसूचित जाति के पुरुष व महिलाओं पर मुकदमा दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेज दिया। कहा कि इसमें कई महिला पुरुष बेकसूर हैं। ज्ञापन में जिलाधिकारी से मामले की जांच करते हुए विवाद के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में जिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष विनोद डबराल, वरिष्ठ नेत्री रंजना रावत, बलबीर सिंह रावत, कृपाल सिंह नेगी, महावीर सिंह नेगी, जावेद हुसैन, शीला भारती और राजा आर्य आदि थे।

## पर्यावरण को संरक्षित करना सभी का कर्तव्य : आरपी पंत

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** श्री गुरु गोरखनाथ पर्यावरणीय संरक्षण एवं संवर्धन समिति की बैठक में पर्यावरण और स्वास्थ्य से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा की गई। साथ ही आगामी सेवा कार्यों की रूपरेखा भी बनाई गई। सोमवार को लालपुर स्थित समिति कार्यालय में अध्यक्ष आरपी पंत की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यूपी-उत्तराखंड सीमा पर सबलगढ़ में स्थित श्री कृष्णायन गोशाला को पौधे निःशुल्क उपलब्ध कराने, लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग आंदोलन समिति को समर्थन देने सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। अध्यक्ष आरपी पंत ने कहा कि पर्यावरण की सेवा कर हम प्रकृति पर कोई उपकार नहीं कर रहे हैं। पर्यावरण को संरक्षित करना और साफ सुथरा रखना हर व्यक्ति का कर्तव्य है। इसमें सभी को सहयोग करना चाहिए। इस दौरान सतीश चंद्र शर्मा, एनएन पोखरियाल, बहादुर सिंह मेहरा, उमानंद बडोला, प्रकाशचंद, हेमदान, बलवीर सिंह बिष्ट, मोहन सिंह नेगी, जगदीश चंद्र जोशी, सुनील नेगी, राजेंद्र सिंह नेगी आदि उपस्थित रहे।

## जनप्रतिनिधियों से क्षेत्र की समस्याओं के समाधान की मांग

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गौरव सैनिक पैराशूट रेजिमेंट स्पेशल फोर्स संगठन की दुर्गापुर के ताड़केश्वर नगर स्थित एक बारातघर के सभागार में सोमवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वक्ताओं ने अन्य मुद्दों पर चर्चा करने के साथ ही लालढ़ांग-चिलरखाल मोटर मार्ग को अवलिंब बनाने की मांग की। कहा कि इस मोटर मार्ग के बनने से सिडकुल में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। स्थानीय प्रतिनिधियों को जनहित में इस बात का संज्ञान लेना चाहिए और उचित कदम उठाने चाहिए। मामले की कोर्ट में ठीक से पैरवी करनी चाहिए। कहा कि दूसरी ओर कोटद्वार विधान सभा के लगभग सभी वार्डों में घूमते बेसहारा गौ वंश सभी के लिए परेशानी का सबब बन रहे हैं। इनके संरक्षण के लिए भी उचित उपाय किए जाने चाहिए। साथ ही मोटर नगर में आधुनिक बस अड्डा व शहर में पार्किंग के लिए भी स्थान चिन्हित किया जाना चाहिए। आशा जताई गई कि जन प्रतिनिधि इन समस्याओं की ओर अवश्य ध्यान देंगे। बैठक में संगठन संरक्षक सोहन सिंह गुसाईं, अध्यक्ष गजराज सिंह नेगी, सचिव बलवान सिह रावत, गोपाल सिंह नेगी, महावीर सिंह रावत, भरत सिंह, सर्वेश्वर सिंह रावत, उपेन्द्र सिह रावत, डबल सिंह और शिव सिंह रावत सहित संगठन के अन्य सदस्य शामिल रहे।

## छात्र-छात्राओं को नशे के खिलाफ शपथ दिलाई वाद-विवाद एवं पोस्टर प्रतियोगिता कराई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में सोमवार को नशे से दूर रहने के लिए शपथ ग्रहण सहित विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने छात्र-छात्राओं को नशे के खिलाफ शपथ ग्रहण कराते हुए कहा कि वर्तमान में नशा मनुष्य के नाश का कारण बन चुका है। ऐसे में सबकी जिम्मेदारी है कि स्वयं भी नशे से दूर होकर अन्य लोगों को भी नशे से दूर रहने के लिए जागरूक करें। कहा कि नशे का आदी व्यक्ति अपने ही घर में चोरी करने से नहीं हिचकता। इस तरह से वह अपराध की पहली सीढ़ी पर पैर रख देता है और आगे चलकर बड़े अपराध करने लगता है। कहा कि आज का छात्र कल के देश का भविष्य है, इसलिए छात्रों को इस बुराई से दूर रहना चाहिए और अपने आसपास के लोगों को भी नशे की बुराइयों से अवगत कराना चाहिए। तत्पश्चात छात्रों के बीच इस विषय पर वाद विवाद व पोस्टर सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## महापौर ने किया नगर निगम के कर विभाग का औचक निरीक्षण

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम महापौर शैलेन्द्र सिंह रावत ने सोमवार को नगर निगम के कर विभाग का निरीक्षण किया। निरीक्षण का उद्देश्य कर विभाग द्वारा जारी कर सत्यापन प्रक्रिया की सही स्थिति का अवलोकन करना और यह सुनिश्चित करना था कि नगर निगम की सभी गतिविधियां पारदर्शी और सुचारू रूप से संचालित हो रही हैं। उन्होंने कर सत्यापन नोटिस के संबंध में स्पष्ट किया कि विपक्ष नगर निगम द्वारा जारी कर सत्यापन नोटिस को कर संबंधित नोटिस के रूप में गलत प्रचारित कर रहे हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि इस प्रकार की भ्रामक जानकारी से प्रभावित न हों और किसी भी नोटिस की पुष्टि केवल नगर निगम के आधिकारिक स्रोत से ही करें। कहा कि नगर निगम कर विभाग सभी करदाताओं के प्रति निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया का पालन कर रहा है। कर सत्यापन प्रक्रिया केवल रिकॉर्ड की जांच और कर संबंधी सूचनाओं की पुष्टि के लिए है।

## नादेही मिल में हुआ बॉयलर पूजन



बॉयलर पूजा करते जीएम।

**जसपुर ( चिंगारी )।** चीनी मिल नादेही में विधि विधान के साथ बॉयलर की पूजा की गई। इस दौरान मिल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मिल के वर्तमान पेराई सत्र चलने की मंगल कामना की। सोमवार की सुबह जीएम चंद्र सिंह ने बतौर मुख्य यजमान बॉयलर पूजा प्रारंभ की। मंत्रोच्चारण के साथ हवन पूजन किया गया। इसके बाद मिल के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हवन में आहुति दी। हवन के बाद आरती की गई तथा बॉयलरों को तिलक लगाया गया। पेराई सत्र अच्छा चलने के लिए प्रार्थना की गई। पूजन के बाद बॉयलर में अग्नि प्रज्वलित की गई। नवंबर माह में मिल का पेराई सत्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। इसके लिए मिल में तैयारियां की जा रही हैं। पूजन के मौके पर मिल प्रांगण को चूने एवं झंडियों से सजाया गया। इस मौके पर मुख्य अभियंता नारायण सिंह, मुख्य रसायनविद राजवीर सिंह, एससीडीआई दीपिका सेमवाल, राहुल देव, देवेंद्र श्रीवास्तव, सत्यपाल सिंह, शेखर, मनोज कुमार, प्रतीक, आदि मौजूद रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**







अपने बेबाक अन्दाज़ के लिए मशहूर अख़बार

# चिंगारी की 40वीं सालगिरह

के मौक़े पर **दिली मुबारकबाद**

साथ ही इसी अख़बार से पत्रकारिता शुरू कर आज तक इसी से जुड़े रहकर पत्रकारिता का

**30 साल का सफर मुकम्मल करने पर**

अफ़ज़लगढ़ इलाके के सीनियर रिपोर्टर

## एस.एम. असलम

को बहुत-बहुत बधाई

मिनजानिब

## हाफ़िज़ रईस अहमद







**कासमपुर गढ़ी, ब्लॉक अफ़ज़लगढ़**









लोकप्रिय समाचार-पत्र चिंगारी
की 40वीं वर्षगांठ
एवं वरिष्ठ पत्रकार

## एस.एम. असलम

को पत्रकारिता के
30 वर्ष पूर्ण
करने पर हमारी ओर से
हार्दिक शुभकामनाएं




शुभाकांक्षी

## हरवंश सिंह
## उर्फ टिल्लू चौहान



सीरवासुचन्द









सांध्य दैनिक चिंगारी की 40वीं वर्षगांठ
के अवसर पर चिंगारी परिवार
को हार्दिक शुभकामनाएं

एवं पत्रकारिता का 30 वर्ष का सफर
पूरा करने पर वरिष्ठ पत्रकार
**एस.एम. असलम** को हार्दिक बधाई




शुभाकांक्षी

## प्रदीप कुमार शर्मा



**वन क्षेत्राधिकारी**
नगीना वन रेंज